रविवार, 5 जनवरी 2025

मौसम

तापमान	27 – 13
आर्द्रता	73%
सूर्योदयः 6:19	सूर्यास्तः 17:06

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

समाज्ञा

कहीं जा नहीं रहा हूं , सिर्फ इस टेस्ट से बाहर हुआ हूं : रोहित शर्मा -पृष्ठ 7

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, पौष शुक्लपक्ष षष्ठी, वि.स. 2081, पृष्ठ 8, मूल्य 4.00 रुपये

सुविचार : नाराजगी की उम्र कम रखी जाये तो रिश्तों की उम्र बढ़ जाती है।

भारत की यात्रा पर जाएंगे एनएसए सुलिवन : व्हाइट हाउस

वाशिंगटन : अमेरिका के निवर्तमान राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) जेक सुलिवन पांच और छह जनवरी को भारत की यात्रा पर जाएंगे, जहां वह अपने समकक्ष अजीत डोभाल और अन्य शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात करेंगे। उनकी भारत यात्रा ऐसे समय हो रही है जब जो बाइडन प्रशासन का चार साल का कार्यकाल पूरा होने जा रहा है। नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 20 जनवरी को अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेंगे और उनके कार्यकाल में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार का पद सांसद माइकल वाल्ट्ज संभालेंगे। सुलिवन, पद छोड़ने से पहले भारत की अपनी इस यात्रा के दौरान दिल्ली के भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) में भारत-केंद्रित विदेश नीति पर भाषण भी देंगे। 'व्हाइट हाउस' (अमेरिका के राष्ट्रपति का आधिकारिक आवास एवं कार्यालय) के राष्ट्रीय सुरक्षा संचार सलाहकार जॉन किर्बी ने शुक्रवार को कहा, ''राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन पांच और छह जनवरी को भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के साथ एक महत्व-पूर्ण बैठक के लिए भारत की यात्रा पर जाएंगे।'' उन्होंने कहा, ''बैठक में भारत के साथ हमारी साझेदारी के व्यापक मुद्दों पर चर्चा होगी, जिसमें अंतरिक्ष, रक्षा और रणनीतिक प्रौद्योगिकी सहयोग से लेकर हिंद-प्रशांत क्षेत्र तथा उससे परे तक की साझा सुरक्षा प्राथमिकताएं शामिल हैं।''

गांव जितने समृद्ध होंगे, देश उतना विकसित होगा : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

नयी दिल्ली : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ग्रामीण भारत महोत्सव 2025 का उद्घाटन किया। इस दौरान अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 'साल 2025 की शुरुआत में ग्रामीण भारत महोत्सव का भव्य आयोजन भारत की विकास यात्रा को दर्शा रहा है। इसके आयोजन के लिए नबार्ड और अन्य सहयोगियों को बधाई।' प्रधानमंत्री ने कहा कि 'आज गांवों के लाखों घरों को पीने का साफ पानी मिल रहा है। लोगों को डेढ़ लाख आयुष्मान आरोग्य मंदिरों से बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं। आज डिजिटल तकनीक की मदद से बेहतरीन डॉक्टर और अस्प-ताल भी गांवों से कनेक्ट हो रहे हैं। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए जरूरी है कि आर्थिक नीतियां गांव के हर वर्ग को ध्यान में रखकर बनाई जाएं। बीते 10 वर्षों में हमारी सरकार ने ये काम किया है। दो-तीन दिन पहले ही कैबिनेट ने पीएम फसल योजना को एक साल और बढ़ाने को मंजूरी दी है।'

किसानों को तीन लाख करोड़ रुपये की आर्थिक मदद दी

प्रधानमंत्री ने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि के जरिए देश को किसानों को तीन लाख करोड़ रुपये की आर्थिक मदद दी जा रही है। बीते 10 वर्षों में कृषि ऋण साढ़े तीन गुना बढ़ गए हैं। अब पशुप-ालकों और मछली पालकों को भी किसान क्रेडिट कार्ड दिए जा रहे हैं। हमने बीते 10 वर्षों में फसलों पर दी जाने वाली को बढ़ाया है। हमने स्वामित्व योजना जैसे अभियान चलाए हैं, जिनके जरिए गांव के लोगों को संपत्ति के दस्तावेज दिए जा रहे हैं। आज गांव के युवाओं को मुद्रा योजना, स्टार्टएप इंडिया, स्टैंड अप इंडिया जैसी योजनाओं के जरिए मदद की जा रही है। किसानों को फसलों का सही दाम मिले, इसके लिए साल 2021 में अलग मंत्रालय का गठन किया गया।

ग्रामीण इलाकों में बढ़ी क्रय शक्ति

पीएम मोदी ने कहा कि 'हाल ही में एक अहम सर्वे हुआ है, जिसमें पता चला कि साल 2011 की तुलना में अब ग्रामीणों की क्रय शक्ति करीब तीन गुना बढ़ गई है। अब गांव के लोग पहले की तुलना में ज्यादा खर्च कर रहे हैं। आजादी के बाद देश के ग्रामीण खाने पर 50 प्रतिशत आमदनी खर्च कर रहे थे। यह पहली बार है कि यह दर 50 फीसदी तक घट गई है।'

कुछ लोग जाति के नाम पर समाज में जहर फैलाने की कोशिश कर रहे हैं

मोदी ने कांग्रेस नेता एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और 'इंडिया' गठबंधन के अन्य नेताओं का परोक्ष जिक्र करते हुए कहा कि कुछ लोग जाति के नाम पर समाज में जहर फैलाने और सामाजिक ताने-बाने को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा, ''हमें इन षड्यंत्रों को विफल करना होगा तथा अपने गांवों की साझा विरासत को संरक्षित एवं मजबूत करना होगा।'' गांधी और अखिलेश यादव सहित विपक्षी नेता जातिगत जनगणना की लगातार मांग कर रहे हैं। मोदी ने कहा कि वह 2014 से ग्रामीण भारत की सेवा में लगातार लगे हुए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, ''ग्रामीण भारत के लोगों के लिए सम्मानजनक जीवन सुनिश्चित करना मेरी सरकार की प्राथमिकता है।'' उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य सशक्त ग्रामीण भारत सुनिश्चित करना, ग्रामीणों को पर्याप्त अवसर प्रदान करना, पलायन को कम करना और गांवों के लोगों के लिए जीवन को आसान बनाना है।

पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चट्टोपाध्याय के खिलाफ सीबीआई की चार्जशीट को राज्यपाल से मंजूरी मिली

नियुक्ति घोटाले की जांच में बड़ी प्रगति

कोलकाता, समाज्ञा : राज्य के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चट्टोपाध्याय के खिलाफ सीबीआई को चार्जशीट दायर करने की मंजूरी आखिरकार राज्यपाल ने दे दी है। यह नियुक्ति घोटाले की जांच में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। सीबीआई ने चार्जशीट राज्यपाल को भेजी थी, जिसे मंजूरी मिलने के बाद शनिवार को अदालत ने भी इसे स्वीकार कर लिया। अब अदालत में पार्थ चट्टोपाध्याय के खिलाफ आरोप तय होने का रास्ता साफ हो गया है। बता दें कि, नियुक्ति घोटाले में अब तक पहली सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल हुई। 27 दिसंबर 2024 को पार्थ चट्टोपाध्याय, संतु गंगोपाध्याय और अयन शील के खिलाफ दूसरी सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल हुई। हाल ही में तीसरी सप्लीमेंट्री चार्जशीट पेश की गई, जिसके लिए राज्यपाल की मंजूरी आवश्यक थी। राज्यपाल की मंजूरी के बिना अदालत चार्जशीट को स्वीकार नहीं कर सकती। मंजूरी मिलने के बाद अब पार्थ चट्टोपाध्याय के खिलाफ अदालत में चार्ज गठन की प्रक्रिया शुरू हो सकती है।

की कार्यवाही में 22 जुलाई 2022 को प्राथमिक शिक्षक भर्ती घोटाले में तत्कालीन शिक्षा मंत्री पार्थ चट्टोपाध्याय को गिरफ्तार किया गया था। 12 जनवरी 2024 को पार्थ सेन और कौशिक माझी के खिलाफ

साइबर धोखाधड़ी में पैसा खो जाने पर विशेष पोर्टल पर शिकायत करना अनिवार्य, लालबाजार का नया नियम

■ कोलकाता पुलिस की वेबसाइट पर एनसीआरपी की पोर्टल लिंक

कोलकाता, समाज्ञा : अगर किसी को साइबर अपराध के कारण पैसे का नुकसान होता है, तो तुरंत 'नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल' पर पुलिस को शिकायत करनी चाहिए। इसे अब से अनिवार्य कर दिया गया है। लालबाजार ने भी ऐसा ही आदेश जारी किया है। पुलिस अधिकारी शिकायतकर्ताओं को केंद्रीय पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने में भी मदद करेंगे ताकि उन्हें

परेशानी न हो। लालबाजार के सूत्रों ने कहा कि कई मामलों में, भले ही शिकायतकर्ता साइबर अपराध में पैसा खो देता है, लेकिन उसे आमतौर पर पैसे वापस नहीं मिलते हैं। केंद्रीय एनसीआरपी पोर्टल के माध्यम से आवेदन करने पर रिफंड आसानी से उपलब्ध है। इसीलिए कोलकाता के हर पुलिस स्टेशन और साइबर पुलिस स्टेशन को निर्देश दिया गया है कि वे शिकायतकर्ताओं को सूचित करें कि वे पुलिस के साथ-साथ एन-सीआरपी पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराएं। कोलकाता पुलिस की वेबसाइट पर एनसीआरपी पोर्टल लिंक भी होगा। उनके माध्यम से भी शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। इस बीच, सोशल मीडिया पर विभिन्न प्रकार के साइबर अपराधों के मामले में, शिकायतकर्ता को किसी भी अश्लील पोस्ट का लिंक या स्क्रीनशॉट अपलोड करना होगा। इसके साथ ही शिकायतकर्ता का पहचान पत्र भी पुलिस को जमा कराना होगा। जरूरत पड़ने पर पुलिस बाद में भी शिकायतकर्ता से संपर्क में रहेगी।

भगोड़ा घोषित होने बाद भी पेश नहीं होना 'अलग अपराध' : उच्चतम न्यायालय

नयी दिल्ली : उच्चतम न्यायालय ने माना है कि किसी मामले में भगोड़ा घोषित किये जाने के बाद भी पेश नहीं होना 'अलग अपराध' है और भगोड़ा घोषित के निर्देश को रद्द किये जाने के बाद भी इस अपराध की सुनवाई जारी रह सकती है। उच्चतम न्यायालय ने पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के जून 2023 के फैसले को चुनौती देने वाली अपील पर दो जनवरी को अपना फैसला सुनाया। पीठ ने कानूनी प्रश्नों पर विचार किया, जिसमें यह भी शामिल था कि क्या भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) के प्रावधानों के तहत किसी अभियुक्त को अपराधी घोषित करने का दर्जा तब भी बना रह सकता है, जब उसे उसी अपराध के संबंध में मुकदमे के दौरान बरी कर दिया जाता है। न्यायमूर्ति सी.टी.

रविकुमार और न्यायमूर्ति संजय करोल की पीठ ने कहा, ''हम इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 174ए एक अलग, मूल अपराध है, जो सीआरपीसी की धारा 82 के तहत भगोड़ा घोषित किये जाने का आदेश वापस लिये जाने के बाद भी जारी रह सकता है। यह एक अलग अपराध है।''

जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा में सेना का वाहन खाई में गिरने से चार जवानों की मौत

श्रीनगर : जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में शनिवार को खराब मौसम और कम दृश्यता के कारण एक वाहन सड़क से फिसलकर खाई में गिर गया, जिससे चार सैन्यकर्मियों की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दो सप्ताह से भी कम समय में यह दूसरी ऐसी घटना है। अधिकारियों ने बताया कि यह दुर्घटना उत्तरी कश्मीर जिले के एसके पायेन के निकट हुई जहां जवान ड्यूटी पर थे। इस क्षेत्र में बृहस्पतिवार को बर्फबारी हुई थी और शनिवार को कोहरा छाया रहा। सेना की चिनार कोर ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि बांदीपोरा जिले में दायित्व निर्वहन के समय खराब मौसम और कम दृश्यता की स्थिति के कारण भारतीय सेना का एक वाहन फिसलकर खाई में गिर गया। इसने कहा, ''घायल सैनिकों को स्थानीय कश्मीरी लोगों की सहायता से चिकित्सा देखभाल के लिए तुरंत बाहर निकाला गया। हम तत्काल सहायता प्रदान करने वाले नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त करते हैं।'' सेना ने कहा, ''इस दुर्घटना में जान गंवाने वाले जवानों के शोकसंतप्त परिवारों के प्रति भारतीय सेना हार्दिक संवेदना व्यक्त करती है।'' जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और अन्य नेताओं ने जवानों को श्रद्धांजलि दी। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने जवानों की मौत पर शोक व्यक्त किया।

जापान में सबसे उम्रदराज महिला का 116 साल की उम्र में निधन

तोक्या : जापान में दुनिया की सबसे बुजुर्ग महिला टोमिको इटूका का 116 साल की उम्र में निधन हो गया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। 'गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स' के अनुसार, जापान की निवासी इटूका दुनिया की सबसे बुजुर्ग महिला थीं। वृद्धावस्था नीतियों के प्रभारी अधिकारी योशित्सुगु नगाटा ने बताया कि इटूका का निधन 29 दिसंबर को मध्य जापान के ह्योगो प्रांत के आशिया स्थित एक देखभाल गृह में हुआ। इटूका का जन्म 23 मई 1908 को हुआ था। पिछले साल 117 वर्षीय मारिया ब्रान्यास की मृत्यु के बाद वह सबसे बुजुर्ग व्यक्ति बन गई थीं। नगाटा ने बताया कि ओसाका में जन्मी इटूका हाई स्कूल में वॉलीबॉल खिलाड़ी थीं। उन्होंने 3,067 मीटर (10,062 फुट) ऊंचे माउंट ओनटेक पर दो बार चढ़ाई की।

अंतरिक्ष में हुआ जीवन का अंकुरण: सूक्ष्म-गुरुत्वाकर्षण स्थिति में बीज अंकुरित हुए-इसरो

नयी दिल्ली : इसरो ने शनिवार को कहा कि 'पीएसएलवी-सी60 पीओईएम-4 प्लेटफॉर्म' पर अंतरिक्ष में भेजे गए लोबिया के बीज मिशन के प्रक्षेपण के चार दिन के भीतर सूक्ष्म-गुरुत्वाकर्षण परिस्थितियों में अंकुरित हो गए हैं। अंतरिक्ष एजेंसी ने सूक्ष्म-गुरुत्वाकर्षण स्थितियों में पौधों के विकास का अध्ययन करने के लिए विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र (वीएसएससी) के कक्षीय पादप अध्ययन (सीआरओपीएस) प्रयोग के लिए 'कॉम्पैक्ट रिसर्च मॉड्यूल' के हिस्से के रूप में लोबिया के आठ बीज भेजे। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''अंतरिक्ष में हुआ जीवन का अंकुरण!



'पीएसएलवी-सी60 पीओईएम-4' के माध्यम से वीएसएससी के सीआ-रओपीएस प्रयोग में 4 दिन में लोबिया के बीज सफलतापूर्वक अंकुरित हुए। जल्द ही पत्तियां निकलने की उम्मीद है।'' पीएसएलवी-सी60 मिशन ने 30 दिसंबर की रात दो स्पेडेक्स उपग्रहों को कक्षा में स्थापित किया था। 'पीओईएम-4' प्लेटफॉर्म को ले जाने वाले रॉकेट का चौथा चरण मंगलवार से 350 किमी की ऊंचाई पर पृथ्वी की परिक्रमा कर रहा है और इस दौरान कक्षा में 24 प्रयोग किए जा रहे हैं।

प्रतिष्ठित परमाणु वैज्ञानिक आर चिदंबरम का 88 वर्ष की आयु में निधन

नयी दिल्ली : देश में 1974 और 1998 के परमाणु परीक्षणों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले वैज्ञानिक राजगोपाल चिदंबरम का शुक्रवार देर रात निधन हो गया। वह 88 वर्ष के थे। परमाणु ऊर्जा विभाग (डीएई) के एक अधिकारी ने बताया कि परमाणु हथियार कार्यक्रम से जुड़े रहे चिदंबरम ने मुंबई के जसलोक अस्पताल में देर रात तीन बजकर 20 मिनट पर अंतिम सांस ली। डीएई की ओर से जारी एक बयान में कहा गया, ''हम अत्यंत दुख के साथ सूचित करते हैं कि प्रख्यात भौतिक विज्ञानी और भारत के सबसे प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों में से एक डॉ. राजगोपाल चिदंबरम का शुक्रवार देर रात (चार जनवरी 2025) तीन बजकर 20 मिनट पर निधन हो गया। भारत की वैज्ञानिक और रणनीतिक क्षमताओं में डॉ. चिदंबरम के अद्वितीय योगदान और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में उनके दूरदर्शी नेतृत्व को हमेशा याद किया जाएगा।'' वर्ष 1936 में जन्मे चिदंबरम चेन्नई के प्रेसीडेंसी कॉलेज और बेंगलुरु स्थित भारतीय विज्ञान संस्थान के पूर्व छात्र थे।

सांस संबंधी बीमारियों से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार, मामलों में असामान्य उछाल नहीं दिखा : सरकार

नयी दिल्ली : चीन में ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) के प्रकोप की हाल की खबरों के मद्देनजर, भारत सभी उपलब्ध माध्यम से स्थिति पर कड़ी नजर रख रहा है और डब्ल्यूएचओ से समय पर अद्यतन जानकारी साझा करने का भी अनुरोध किया है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने बताया कि एहतियाती उपाय के तहत एचएमपीवी मामलों की जांच करने वाली प्रयोगशालाओं की संख्या बढ़ाई जाएगी और भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) पूरे वर्ष एचएमपीवी के रुझानों की निगरानी करेगी। मंत्रालय ने बताया कि स्थिति पर चर्चा के लिए शनिवार को यहां स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय की अध्यक्षता में संयुक्त निगरानी समूह (जेएमजी) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ), आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ, एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम (आईडीएसपी), राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीडीसी), भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर), आपातकालीन चिकित्सा राहत (ईएमआर) प्रभाग और एम्स-दिल्ली सहित अस्पतालों के विशेषज्ञों ने भाग लिया। मंत्रालय ने कहा कि विस्तृत चर्चा के बाद तथा वर्तमान में उपलब्ध जानकारी के आधार पर इस बात पर सहमति बनी कि चल रहे फ्लू के मौसम को देखते हुए चीन में स्थिति असामान्य नहीं है। इसमें कहा गया कि खबरों से जानकारी मिली है कि श्वास संबंधी बीमारियों में वर्तमान उछाल का कारण इन्फ्लूएंजा वायरस, आरएसवी और एचएमपीवी हैं, जो इस मौसम में होने वाले सामान्य रोगाणु हैं।

आज का पंचांग

कोलकाता : 5 जनवरी, रविवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2081, पौष शुक्लपक्ष षष्ठी, 20:14 तक, नक्षत्र : पूर्वभाद्रपदा, 20:08 तक, योग : व्यतिपात, 07:26 तक, सूर्योदय: 6:19, सूर्यास्त: 17:06 चन्द्रोदय : 10:14, चन्द्रास्त: 22:28, शक सम्वत: 1945 सुभाकृत, सूर्य राशि : धनु, चन्द्र राशि : कुम्भ, राहू काल : 15:42 से 17:02

साप्ताहिक : राशिफल
05-01-25 से 11-01-25

मेष : चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ : इस सप्ताह इस राशि के जातकों का समय चुनौतिपूर्ण रहेगा। जातक के कार्यों में थोड़ा विलम्ब या परेशानियाँ आ सकती है इसलिए सावधानी बनाये रखें। विरोधी एवं प्रतिस्पर्धी सक्रिय बने रह सकते है जो जातक के कार्यों में चुनौतियाँ खड़ी कर सकते है। कोर्ट-कचेरी के मामलों में भी परेशानियाँ बनी रह सकती है इसलिए सावधानी बनाये रखें। खिलाड़ियो के लिए भी समय थोड़ा चुनौतिपूर्ण बना रह सकता है। किसी खेल-प्रतिस्पर्धा में विजय न मिलने से जातक चुनौती महसूस कर सकता है।



वृष : ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो : इस सप्ताह इस राशि के जातकों का समय मिला-जुला रहेगा। जातक के कार्यों में थोड़ी परेशानी आ सकती है। जातक अपनी सूझ-बूझ एवं कर्मठता से हर स्थिति को अनुकूल बनाने एवं पटरी पर लाने में सफल हो सकता है। पढ़ाई-लिखाई में भी अधिक परिश्रम के बाद सफलता मिल सकती है। घूमने-फिरने का अवसर भी जातक को मिल सकता है। अच्छे मकान या वाहन खरीदने का योग जातक का बन सकता है। व्यवसायिक दृष्टि से सप्ताह मिला-जुला रहेगा। सोच-समझकर पूंजी निवेष करें।

मिथुन : का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, ह : इस सप्ताह इस राशि वालों का समय अनुकूल रहेगा। भाग्य जातक का साथ दे सकता है। जातक की लोक-प्रियता में वृद्धि हो सकती है। जातक की लोक-प्रियता में वृद्धि हो सकती है। सरकारी सेवा में लगे जातकों के लिए भी समय अनुकूल है। प्रमोशन या अच्छे स्थान पर कार्य करने का अवसर जातक को मिल सकता है। व्यवसायिक दृष्टि से सप्ताह अनुकूल होने के कारण जातक बाजार एवं शेयर-मार्केट में पूंजी निवेष करेगा तो बड़े लाभ की स्थिति बन सकती है।

कर्क : ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो : कर्क राशि के जातक यदि इस सप्ताह अपने कार्य सूझबूझ और योजनाबद्ध तरीके से करते हैं तो उन्हें उम्मीद से कहीं ज्यादा सफलता मिल सकती है। इस सप्ताह आपको करियर और कारोबार से जुड़े बड़े अवसर हाथ लग सकते हैं। नौकरीपेशा लोगों पर उनके सीनियर मेहरबान रहते हुए कोई बड़ी जिम्मेदारी सौंप सकते हैं लेकिन आपको उसे निभाने के लिए अधिक परिश्रम और प्रयास करने की आवश्यकता बनी रहेगी। इस सप्ताह आप अपने कार्य को स्वयं बेहतर तरीके से करने का प्रयास करें अन्यथा दूसरों के भरोसे रहने पर उसमें अपेक्षित सफलता न मिल पाएगी।

सिंह : मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे : इस सप्ताह इस राशि वालों का समय मिला-जुला रहेगा। जातक का महत्व बढ़ सकता है। जातक अपनी सूझ-बूझ से हर कार्यों को कुशलतापूर्वक करने का प्रयास कर सकता है। घरेलू एवं अन्य तरह की परेशानी बनी रह सकती है। इस बीच स्वास्थ्य पर भी ध्यान बनाये रखें। इसके अतिरिक्त सुख-सुविधा पर भी थोड़ा अधिक खर्च हो सकता है। सावधानी बनाये रखें। घूमने-फिरने का अवसर जातक को मिल सकता है। व्यवसायिक दृष्टि से सप्ताह मिला-जुला रहेगा।



कन्या : ढो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो : इस सप्ताह इस राशि वालों का समय चुनौतिपूर्ण रहेगा। जातक के कार्यों में व्यवधान या परेशानी आ सकती है। जिसके कारण जातक दबाव महसूस कर सकता है। इस बीच स्वास्थ्य पर भी ध्यान बनाये रखें। सर्दी-जुखाम एवं पेट से संबंधित परेशानी का योग बन सकता है। सावधानी बनाये रखें। इस बीच विरोधी एवं प्रतिस्पर्धी भी सक्रिय हो सकते है। सावधानी बनाये रखें। वाहन आदि सावधानी पूर्वक चलाये नही तो चोट-चपेट लग सकती है। छात्रों के लिए भी समय मिला-जुला रहेगा।



तुला : रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते : इस सप्ताह इस राशि वालों का समय अनुकूल रहेगा। भाग्य जातक का साथ देगा। जातक अपनी कई कार्य-योजनाओं का विस्तार करने में सफल हो सकता है। सुख-सुविधाओं की वृद्धि हो सकती है। कई महत्वपूर्ण कार्य-योजनाओं का विस्तार करने में जातक को सफलता मिल सकती है। प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता आ सकती है। देश-विदेश की यात्रा का भी योग है। व्यवसायिक दृष्टि से सप्ताह अनुकूल होने के कारण जातक बाजार एवं शेयर मार्केट में पूंजी निवेष करेगा तो बड़े लाभ की स्थिति बन सकती है।

वृश्चिक : तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू : इस सप्ताह इस राशि वालों का समय अनुकूल रहेगा। जमीन-जायदाद खरीदने का भी योग बन सकता है। सरकारी सेवा में लगे जातकों के लिए भी समय अनुकूल है। प्रमोशन या किसी बड़े पद पर कार्य करने का योग बन सकता है। खिलाड़ियों के लिए भी समय अनुकूल है। किसी महत्वपूर्ण खेल-प्रतिस्पर्धा में जातक को बड़ी विजय मिल सकती है। घर में कोई मांगलिक कार्य संपन्न हो सकता है। परिवार में आपसी लगाव बढ़ सकता है। निरंतर सक्रियता से जातक व्यापार की दिशा में भी अपनी स्थिति मजबूत कर सकता है। पूंजी निवेश का यह अनुकूल समय है।

धनु : ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे : इस सप्ताह इस राशि वालों का समय मिला-जुला रहेगा। स्थितियाँ पटरी पर आ सकती है। कई महत्वपूर्ण चुनौतियों को अनुकूल बनाने में जातक को सफलता मिल सकती है। घर-परिवार की जिम्मेदारियाँ थोड़ी बढ़ सकती है लेकिन कई कार्य-योजनाओं के पटरी पर आने से जातक को राहत मिल सकती है। सरकारी सेवा में लगे जातक थोड़ी चुनौती के साथ आगे बढ़ने में सफल हो सकते है। व्यवसायिक दृष्टि से सप्ताह अनुकूल होने के कारण जातक बाजार एवं शेयर-मार्केट में पूंजी निवेष करेगा तो बड़े लाभ की स्थिति बन सकती है।

मकर : भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी : इस सप्ताह इस राशि वालों का समय लगभग मिला-जुला रहेगा यद्यपि जातक की सक्रियता बनी रह सकती है। जातक अपनी कई महत्वपूर्ण कार्य-योजनाओं को नई दिशा देने में सफल हो सकता है। भूमि मकान या अचल संपत्ति बढ़ाने में जातक को सफलता मिल सकती है। न्यायालय के क्षेत्र में अनुकूल स्थितियाँ बनने से जातक को राहत मिल सकती है। जातक अपनी कार्य-योजनाओं का विस्तार करने में सफल हो सकता है। खिलाड़ियों के लिए समय अनुकूल है।

कुम्भ : गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा : इस सप्ताह इस राशि वालों का समय अनुकूल रहेगा। भाग्य जातक का साथ देगा। घरेलू सुख-सुविधाओं में वृद्धि हो सकती है। अच्छे मकान एवं वाहन का सुख जातक को मिल सकता है। देश-विदेश की यात्रा का भी योग बन सकता है। जातक अपनी कार्य-कुशलता से कई कार्य-योजनाओं का विस्तार करने में सफल हो सकता है। प्रेम संबंधों एवं सुख-सुविधाओं की दृष्टि से स्थितियाँ अनुकूल बनी रह सकती है। छात्रों के लिए भी समय अनुकूल है। पढ़ाई-लिखाई में भी जातक का मन लग सकता है।

मीन : दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची : इस सप्ताह इस राशि वालों का समय थोड़ा मिला-जुला रहेगा। कई कार्य-योजनाओं को जातक थोड़ी चुनौतियों के साथ विस्तार दे सकता है। विरोधी एवं प्रतिस्पर्धी भी सक्रिय हो सकते है सावधानी बनाये रखें। घर-परिवार में भी थोड़ा आपसी मत-भेद हो सकता है जिसके कारण चुनौती बढ़ सकती है। कुछ इष्ट-मित्रों के सहयोग से जातक स्थितियाँ को पटरी पर लाने में सफल हो सकता है।

महाकुम्भ के दौरान अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं को असुविधा न हो: योगी आदित्यनाथ

अयोध्या : उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि महाकुम्भ के दौरान अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो। यहां जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, आचार्य नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय कुमारगंज के सभागार में जिले के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री ने महाकुम्भ-2025 के दौरान अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा, आश्रय स्थल आदि को लेकर एक समीक्षा बैठक की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि महाकुम्भ में 40 से 45 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है, जिसमें से अधिकांश श्रद्धालु अयोध्या भी आएंगे। उन्होंने कहा कि यहां श्रद्धालु रामलला, हनुमानगढ़ी, सूर्यकुंड समेत अनेक मंदिरों व स्थलों पर दर्शन करेंगे। योगी ने कहा कि स्थानीय प्रशासन दर्शनार्थियों की सुरक्षा, दर्शन-पूजन, आश्रय स्थल आदि को लेकर सारी तैयारी पूर्ण कर ले। उन्होंने कहा कि ठंड के मौसम में किसी भी श्रद्धालु को यहां परेशानी नहीं होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने स्वच्छता पर जोर दिया और साथ ही यह भी कहा कि यहां अलाव आदि की भी समुचित व्यवस्था होनी चाहिए। मंडलायुक्त गौरव दयाल ने महाकुम्भ के संबंध में अयोध्या में होने वाली तैयारियों को लेकर प्रस्तुतिकरण भी दिया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए। योगी ने समीक्षा बैठक में स्थानीय प्रशासन, पुलिस व जिले के आलाधिकारी मौजूद रहे।

बिहार: 'वैनिटी वैन' के बारे में पूछने वाले पत्रकार पर भड़के प्रशांत किशोर

पटना : जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर पटना में आमरण अनशन स्थल के पास मौजूद 'वैनिटी वैन' के बारे में सवाल पूछे जाने पर शनिवार को भड़क गए। पटना के गांधी मैदान से कुछ सौ मीटर की दूरी पर खड़ी ये 'वैनिटी वैन' कथित तौर पर कई लग्जरी सुविधाओं से लैस है। किशोर ने बृहस्पतिवार शाम को बीपीएससी परीक्षा को रद्द करने की मांग को लेकर गांधी मैदान में 'आमरण अनशन' शुरू किया था। किशोर (47) ने सवाल पूछने वाली महिला पत्रकार से कहा, आप वैनिटी वैन के बारे में क्या जानना चाहती हैं? आप देखना चाहती हैं कि मैं कहां शौच करता हूं। सवाल पर भड़के किशोर ने कहा, ऐसा लगता है कि आपके लिए यह सवाल कि हम कहां शौच जाएं, बीपीएससी उम्मीदवारों के भविष्य से ज्यादा महत्वपूर्ण है। क्या आप प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी या बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से उनके द्वारा प्राप्त सुविधाओं के बारे में सवाल पूछने की हिम्मत करेंगी? जिला प्रशासन ने किशोर और उनके 150 समर्थकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर धरना स्थल पर प्रदर्शन को 'अवैध' करार दिया। पटना के जिलाधिकारी चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि पटना उच्च न्यायालय के आदेश के अनुसार गर्दनी बाग में निर्दिष्ट स्थान के अलावा किसी अन्य स्थान पर धरने की अनुमति नहीं दी जा सकती है।

झारखंड के दुमका में सड़क दुर्घटना में चार लोगों की मौत

दुमका (झारखंड) : दुमका जिले में शनिवार को एक ऑटोरिक्शा और ट्रक के बीच हुई टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। दुमका के अंचल अधिकारी अमर कुमार ने बताया कि यह घटना मुफस्सिल थाना अंतर्गत दासरईडीह गांव के पास उस समय घटी जब वे मसानजोर बांध से पिकनिक मनाकर घर लौट रहे थे। चार अन्य घायलों का अस्पताल में इलाज जारी है। दुमका स्थित एक अधिवक्ता ने बताया कि मृतकों में उनका छोटा भाई, उनकी पत्नी और बेटी शामिल हैं। मुफस्सिल थाने के प्रभारी सत्यम कुमार ने बताया कि ट्रक को जब्त कर लिया गया है, लेकिन चालक भागने में सफल रहा।

राजस्थान: गलत इंजेक्शन लगने से तीन वर्षीय बच्ची की मौत, परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगाया

जैसलमेर : राजस्थान के जैसलमेर जिले में शनिवार को एक दवा दुकान पर तीन साल की बच्ची की इंजेक्शन लगाते ही मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। थानाधिकारी सवाई सिंह ने बताया कि परिजनों ने नर्स पर ला-परवाही का आरोप लगाया है। उनके अनुसार वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद चल पायेगा। हसन गांव की निवासी इस्माइल खान ने बताया कि उनकी तीन वर्षीय पोती रबीना पिछले दो दिन से सर्दी जुकाम से पीड़ित थी और वह उसे शनिवार को एक सेवानिवृत्त चिकित्सक के घर दिखाने आये थे। खान ने बताया कि चिकित्सक ने दवाइयां लिखी थीं, उसी सिलसिले में परिजनों ने एक दवा दुकान से 'इंजेक्शन' खरीदकर एक नर्स से उसे 'इंजेक्शन' लगवाया.. लेकिन कुछ ही देर में बच्ची अचेत हो गई।

राजस्थान के कई इलाकों में तापमान बढ़ोतरी ने कड़ाके की सर्दी से राहत दी

जयपुर : राजस्थान के अधिकांश हिस्सों में बीते 24 घंटे के दौरान तापमान में हुई बढ़ोतरी ने कड़ाके की सर्दी से राहत दिलाई है, जबकि कुछ हिस्सों में कोहरा तथा सर्दी का प्रकोप जारी है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के जयपुर केंद्र के अनुसार शनिवार सुबह टोंक के वनस्थली में न्यूनतम तापमान सबसे कम 6.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके अनुसार न्यूनतम तापमान झुंझुनू के पिलानी में 6.5 डिग्री, दौसा में 6.7 डिग्री, अलवर में सात डिग्री, चित्तौड़गढ़ में 7.2 डिग्री, संगरिया (हनुमानगढ़) में 7.4 डिग्री, नागौर में 7.7 डिग्री और जयपुर में आठ डिग्री सेल्सियस रहा।

उत्तर प्रदेश: खुले में सोने को नहीं होना होगा मजबूर, सरकार ने किये व्यापक इंतजाम

लखनऊ : उत्तर प्रदेश में कड़ाके की सर्दी में किसी को खुले में न सोना पड़े इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर पूरे प्रदेश में रैन बसेरों और आश्रय स्थलों की सुविधाओं को लगातार सुदृढ़ किया जा रहा है। एक बयान में यह जानकारी दी गयी। बयान के मुताबिक, इन व्यवस्थाओं का उद्देश्य ठंड के प्रकोप से हर जरूरतमंद व्यक्ति को बचाना और उनको सुरक्षित व गरिमामय आश्रय प्रदान करना है। बयान में बताया गया कि मुख्यमंत्री ने स्पष्ट रूप से निर्देश दिया है कि रैन बसेरों का संचालन पूरी संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का आदेश दिया है कि कोई भी व्यक्ति खुले आसमान, डिवाइडर, सड़क की पटरी या पार्कों में सोने को मजबूर न हो। बयान के मुताबिक, प्रदेश में अब तक 1240 रैन बसेरों और आश्रय स्थलों को विकसित किया गया है, जहां ठंड से बचने के लिए सभी आवश्यक संसाधन मौजूद हैं। बयान में बताया गया कि इसके साथ ही, तीन लाख से अधिक कंबल वितरित किए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री योगी ने यह भी निर्देश दिया है कि जरूरतमंदों तक कंबल पहुंचने में कोई कोताही न बरती जाए। रैन बसेरों में महिलाओं की सुरक्षा और उनकी जरूरतों का विशेष ध्यान रखा गया है। बयान के मुताबिक, आश्रय स्थलों में पर्याप्त रोशनी, स्वच्छता और अलाव की व्यवस्था की गई है साथ ही यह सुनिश्चित किया गया है कि महिलाएं रैन बसेरों में सुरक्षित महसूस करें और उनकी सभी आवश्यकताओं का ख्याल रखा जाए।

बिहार: पटना के 22 केंद्रों पर दोबारा आयोजित बीपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा संपन्न

पटना : बिहार की राजधानी पटना के 22 केंद्रों पर शनिवार को दोबारा आयोजित बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की संयुक्त (प्रारंभिक) प्रतियोगी परीक्षा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न हुई। बीपीएससी की गत 13 दिसंबर को आयोजित 70वीं संयुक्त (प्रारंभिक) प्रतियोगी परीक्षा को अराजकता के बाद पटना के बापू परीक्षा केंद्र पर रद्द कर दिया गया था। इसके बाद इस केंद्र के अभ्यर्थियों के लिए फिर से पटना के 22 केंद्रों पर प्रारंभिक परीक्षा का आयोजन किया गया। दोबारा आयोजित यह परीक्षा दोपहर 12 बजे कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरू हुई और दोपहर दो बजे संपन्न हो गई। बीपीएससी ने 13 दिसंबर को कथित अनियमितताओं के बाद केवल बापू परीक्षा केंद्र के अभ्यर्थियों के लिए इस परीक्षा को फिर से कराए जाने की घोषणा की थी। पटना के जिलाधिकारी चंद्रशेखर सिंह ने शनिवार को 'पीटीआई-भाषा' से बातचीत में कहा कि सभी 22 केंद्रों पर यह परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। उन्होंने कहा कि आज आयोजित की गई परीक्षा को लेकर अभी तक कहीं से कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।



पूरे देश को एमएसपी की जरूरत, केंद्र को संदेश दें कि ये लड़ाई अकेले पंजाब की नहीं: डल्लेवाल

चंडीगढ़ : अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठे पंजाब के किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने शनिवार को अन्य राज्यों के किसान संगठनों से अपील की कि वे अपने राज्यों में एमएसपी की कानूनी गारंटी की मांग को लेकर मजबूती से आंदोलन करें ताकि केंद्र को यह संदेश दिया जा सके कि यह अकेले पंजाब की लड़ाई नहीं है। खनौरी में आयोजित 'किसान महापंचायत' में अपने 11 मिनट से अधिक के संबोधन के दौरान डल्लेवाल ने यह संदेश देने की कोशिश की कि उनका जीवन किसानों से अधिक महत्वपूर्ण नहीं है। 70 वर्षीय डल्लेवाल ने महापंचायत में कहा कि देश में सात लाख किसानों ने आत्महत्या की है

और वह जानते हैं कि उनके परिवारों को क्या-क्या सहना पड़ता है। आमरण अनशन कर रहे किसान नेता को स्ट्रेचर पर बाहर लाया गया और उन्होंने प्रदर्शन स्थल पर एक मंच से बिस्तर पर लेटे हुए सभा को संबोधित किया। डल्लेवाल ने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी सहित किसानों की मांगों का उल्लेख करते हुए संकेत दिया कि वह इसकी कठिनाइयों को समझते हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि कोई चुपचाप बैठा रहेगा और कुछ नहीं करेगा। संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) के संयोजक डल्लेवाल का अनशन शनिवार को 40वें दिन में प्रवेश कर गया, इसके बावजूद अब तक उन्होंने कोई भी चिकित्सा सहायता लेने से इनकार कर दिया है, जिससे उनकी तबीयत बिगड़ गई है। पिछले कुछ दिनों में डल्लेवाल ने छोटे-छोटे वीडियो संदेशों के जरिए किसानों को संबोधित किया था, लेकिन 26 नवंबर को अपना अनशन शुरू करने के बाद यह उनकी पहली सार्वजनिक उपस्थिति थी। डल्लेवाल का संगठन पहले तीन कृषि कानूनों (अब निरस्त) के खिलाफ अपने आंदोलन के दौरान संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) का हिस्सा था।



हमारा लक्ष्य 2027 में विधानसभा चुनाव जीत कर 'पीडीए' की सरकार बनाना : अखिलेश यादव

लखनऊ : समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए कहा कि हमारा लक्ष्य 2027 में विधानसभा चुनाव को जीत कर पीडीए की सरकार बनाना और मौजूदा सरकार से सत्ता से बाहर करना है। सपा मुख्यालय से जारी एक बयान के अनुसार, अखिलेश यादव यहां पार्टी मुख्यालय में राष्ट्रीय और प्रदेश संगठनों के पदाधिकारियों की बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। यादव ने कहा, हमारा लक्ष्य 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव को जीत कर पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) की सरकार बनाना है। उन्होंने कहा, समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने के लिए अभी से सभी बूथ स्तर तक संगठन को और मजबूत करना है। जनता भाजपा सरकार से त्रस्त है। जनता लोकतंत्र और संविधान विरोधी भाजपा सरकार को हटाने के लिए तैयार बैठी है। यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा की नीतियों से प्रदेशवासियों को तबाही के सिवा कुछ नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि भाजपा भ्रष्टाचार में पूरी तरह से डूबी हुई है। यादव ने कहा कि भाजपा में माफियाओं की भरमार है और यह जनता की नहीं सुनना चाहती।

महाकुम्भ में श्रद्धालुओं की सुरक्षा पुलिस की प्राथमिकता: उत्तर प्रदेश पुलिस महानिदेशक

महाकुम्भ नगर : उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा-व्यवस्था का जायजा लेने शनिवार को यहां पहुंचे। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा, प्रदेश पुलिस की प्राथमिकता है और इसके लिए सभी स्तरों पर तैयारी पूरी कर ली गई है। पुलिस महानिदेशक ने संवाददाताओं को बताया, मुख्य स्नान पर्वों पर जल, थल और नभ तीनों स्तर पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा करने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। महाकुम्भ हमारे लिए बहुत बड़ा अवसर है, खासकर जब इस पूरी

पृथ्वी पर इतना बड़ा मानव समागम होने जा रहा है। लगभग 40 से 50 करोड़ लोग इस 45 दिन में यहां पर आएंगे। उन्होंने बताया कि महाकुम्भ को लेकर पिछले कुछ माह से युद्ध स्तर पर तैयारी की जा रही है और आधारभूत ढांचा, उपकरण तथा श्रमबल सभी कुछ अनुकूल है। अधिकारी ने बताया कि इस बार आपदा प्रबंधन, अग्नि सुरक्षा और यातायात के लिए विशेष कोष जारी किए गए हैं। प्रशांत कुमार ने बताया कि यहां पर किसी तरह की कोई कठिनाई ना हो, इसके लिए सभी तरह के अत्याधुनिक उपकरण यहां आ चुके हैं। उन्होंने बताया कि यहां इंटरसेप्टर तैनात हो चुके हैं और टीथर्ड ड्रोन व ड्रोन रोधी प्रणाली भी यहां तैनात की गयी है। अधिकारी ने बताया कि जल के मोर्चे पर पिछले कुम्भ की तुलना में इस बार व्यवस्था और अधिक मजबूत की गई है। उन्होंने बताया कि मेला क्षेत्र में घाट की संख्या और क्षमता इसीलिए बढ़ाई गई है ताकि जो भी श्रद्धालु जिस मार्ग से आ रहे हैं, वे वहीं स्नान करें और निर्धारित मार्ग से वापस जाएं। अधिकारी ने बताया कि साइबर से जुड़े मामलों को लेकर भी पुलिस सजगता से कार्य कर रही है। कुमार ने बताया कि आतंकी खतरों और धमकियों को लेकर एटीएस की पैरा कमांडो टीम यहां पहुंच चुकी है।

उत्तर प्रदेश: इटावा में ट्रक की टक्कर लगने से आरपीएफ जवान की मौत

इटावा : उत्तर प्रदेश के इटावा जिले में शनिवार को ट्रक की टक्कर लगने से बाइक सवार आरपीएफ (रेलवे सुरक्षा बल) जवान की मौके पर ही मौत हो गयी। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना फ्रेंड्स कालोनी में मैनपुरी मार्ग पर हुई। फ्रेंड्स कालोनी थाने के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) अमित कुमार मिश्रा ने बताया कि इटावा-मैनपुरी मार्ग पर गौरा पुरा मोड़ के निकट तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर लगने से बाइक सवार राजेश कुमार (47) की मौके पर ही मौत हो गयी। उन्होंने बताया कि राजेश मैनपुरी जिले के कुर्रा थानाक्षेत्र मे उरिया गांव के रहने वाले थे और वह नार्थ सेंट्रल रेलवे सुरक्षा बल में भिंड (म्प्र) में मुख्य आरक्षी पद पर तैनात थे।



वर्ग पहेली नं. 2966

ऊपर से नीचे:- 1) चुगली; कानाफूसी, 2) उसी क्षण, 3) दर्शक, 4) प्रमाण; बुनियाद, 5) भूतकालीन, 6) तत्काल, 10) समस्या; विषय, 12) नयनपट, 15) सप्ताहान्त, 18) निकटता, 21) अर्णव; सागर, 22) सामूहिक गायन, 23) प्रश्नपत्र, 24) एक धर्म-संस्थापक, 26) एक फल.

(उत्तर: अगले अंक में)

बायें से दायें:- 1) कभी नहीं (वह मेरी XX सुनता है?); किस समय, 2) वैरभाव, 4) शुभ संभावना; भरोसा; अपेक्षा, 5) निकट भूतकाल; लगे हाथ, 6) एक बटा दो; अर्धरिक्त, 7) चुस्ती, 8) राष्ट्र, 9) गवीला, 11) तपस्या, 13) भाई, 14) तोता, 16) कृषिकर, 17) अंतर, 19) अच्छे बुरे का ज्ञान, 20) सीलन, 21) एक और उसका चौथा भाग, 23) बढ़ना, 25) कृष्ण, 27) स्वर आलाप, 28) ख़बर.

पिछली पहेली का उत्तर

सुडोकू-पहेली-2926

7							3	
				6		4		
			8					
2		6						
			9				1	
			7				8	
					7	2		5
				4		6		
	1							

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

सुडोकू पहेली - 2925 का उत्तर

7	9	8	5	6	3	2	4	1
4	6	1	9	2	7	8	5	3
2	5	3	4	8	1	6	7	9
9	4	2	8	7	5	3	1	6
1	3	7	6	4	2	9	8	5
5	8	6	1	3	9	4	2	7
8	7	9	2	5	6	1	3	4
3	1	4	7	9	8	5	6	2
6	2	5	3	1	4	7	9	8

भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने प्रदेश नेताओं के साथ की संगठनात्मक बैठक

✒ नए साल की पहली बैठक में सांगठनिक मजबूती पर दिया गया जोर

कोलकाता, समाज्ञा : राज्य में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले संगठनात्मक मजबूती को धार देने के लिए भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने शनिवार को यहां प्रदेश इकाई के नेताओं के साथ विशेष संगठनात्मक बैठक की। साल्टलेक स्थित भाजपा कार्यालय में आयोजित नए साल इस पहली संगठनात्मक बैठक में केंद्रीय नेतृत्व की तरफ से बंगाल भाजपा के प्रभारी सुनील बंसल, आईटी सेल के प्रमुख और सह-प्रभारी अमित मालवीय मौजूद थे। वहीं, राज्य से प्रदेश भाजपा अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री डॉ. सुकांत मजूमदार, प्रदेश संगठन महासचिव अमिताभ चक्रवर्ती सहित प्रदेश इकाई के अन्य वरिष्ठ नेता व पदाधिकारी उपस्थित थे। सूत्रों के अनुसार, बैठक में केंद्रीय नेताओं ने आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सांगठनिक मजबूती पर जोर दिया। जिलों, ब्लॉक व बूथ स्तर पर जहां-जहां कमी है इसे दूर करने का निर्देश दिया। बैठक में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस से मुकाबले के लिए सांगठनिक मजबूती को लेकर प्रदेश नेतृत्व को कई अहम सुझाव दिशा-निर्देश दिए गए।

भाजपा में व्यक्ति नहीं विचारधारा महत्वपूर्ण, पार्टी में तालमेल से हो रहा काम : सुकांत मजूमदार

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री डॉ. सुकांत मजूमदार ने शनिवार को कहा कि प्रदेश भाजपा में समन्वय की कमी की खबरें निराधार हैं। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि ऐसा नहीं है कि पार्टी में तालमेल नहीं है, हम एक हैं। भाजपा में किसी व्यक्ति का स्थान महत्वपूर्ण नहीं है, हम विचारधारा के लिए भाजपा से जुड़े हैं। ऐसे में हम सबके लिए विचारधारा सबसे महत्वपूर्ण है। जब भाजपा में कोई नहीं था तब भी मैं भाजपा में था, हम एक ही विचारधारा से जुड़े थे। राज्य में भाजपा के सदस्यता अभियान को लेकर मजूमदार ने कहा कि 40 लाख सदस्यता हो चुकी है और यह अभियान 10 जनवरी तक जारी रहेगा और आने वाले समय में हम संगठन पर्व पर ध्यान दे रहे हैं। हमारा लक्ष्य 50 लाख तक पहुंचना है। वहीं, बीएसएफ द्वारा राज्य में घुसपैठ कराने के मुख्यमंत्री के बायन पर पलटवार करते हुए मजूमदार ने कहा कि जो राजदार पकड़े गए, वो उस इलाके से पकड़े गए, जहां उस इलाके के लोगों ने उन्हें छिपाकर रखा था। हमें बताएं कि वहां से भाजपा और टीएमसी को कितने वोट मिलते हैं, वो डेटा लाया जाए। हम ममता बनर्जी और पुलिस महानिदेशक को चुनौती दे रहे हैं कि उन्हें कहां से पकड़ा गया है, हमें उस क्षेत्र का नाम बताएं, अगर टीएमसी में हिम्मत है तो उस क्षेत्र का डेटा पेश करे। वहीं, पासपोर्ट में धोखाधड़ी एवं एक पुलिस कर्मी की गिरफ्तारी के संबंध में सुकांत मजूमदार ने कहा कि पुलिस की संलिप्तता के बिना यह मामला संभव नहीं है। मैं आपका ध्यान विशेष रूप से इस तथ्य की ओर आकर्षित करना चाहूंगा कि ममता बनर्जी की सरकार ने ओबीसी-ए एक विशेष श्रेणी बनाई और खास धार्मिक समूहों को विशेष लाभ दिया गया।

पार्थ चटर्जी और मानिक भट्टाचार्य पर साजिश का आरोप, सीबीआई ने कहा... '158 योग्य अभ्यर्थी हुए वंचित'

कोलकाता, समाज्ञा : प्राथमिक शिक्षक भर्ती घोटाले में सीबीआई ने पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी और प्राथमिक शिक्षा परिषद के पूर्व अध्यक्ष मानिक भट्टाचार्य पर साजिश रचने का आरोप लगाया है। केंद्रीय एजेंसी का दावा है कि भर्ती प्रक्रिया में एक नंबर देने को लेकर साजिश हुई, जिसके चलते 158 योग्य उम्मीदवारों को जानबूझकर वंचित कर दिया गया। सीबीआई द्वारा अदालत में दाखिल चार्जशीट के अनुसार, 2014 की टीईटी परीक्षा के आधार पर 2017 में प्राथमिक शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया चलाई गई थी। इस दौरान, बंगाली माध्यम के प्रश्नपत्र को लेकर विवाद हुआ, जिसमें दो उत्तर विकल्प सही माने गए। लेकिन, शिक्षा परिषद ने केवल दूसरे विकल्प को सही मानते हुए अंक दिए, जबकि पहले विकल्प को चुनने वाले अभ्यर्थियों को अंक नहीं मिले। बाद में, विवाद बढ़ने पर परिषद ने पहले विकल्प को भी मान्यता देने का फैसला किया, लेकिन इसके लिए चार शर्तें रखीं। पहली शर्त अभ्यर्थी प्रशिक्षित होना चाहिए, दूसरी वह केवल एक नंबर से फेल हुआ हो, उसने बंगाली माध्यम से परीक्षा दी हो तथा उसने विवादित प्रश्न के लिए पहला विकल्प चुना हो। इन शर्तों के आधार पर 428 उम्मीदवार अतिरिक्त नंबर के पात्र थे, लेकिन परिषद ने केवल 270 का चयन किया और इनमें से 264 को नियुक्ति दे दी गई। सीबीआई का आरोप है कि यह चयन योग्यता के आधार पर नहीं, बल्कि मनमाने ढंग से हुआ।

❑ मानिक भट्टाचार्य की बैठक और पार्थ चटर्जी की मंजूरी

सीबीआई के अनुसार, 20 नवंबर 2017 को मानिक भट्टाचार्य की अध्यक्षता में परिषद के अधिकारियों की बैठक हुई, जिसमें अतिरिक्त नंबर देने का फैसला लिया गया। इस प्रस्ताव को शिक्षा विभाग को भेजा गया, जहां 22 नवंबर को तत्कालीन शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी ने इसे मंजूरी दे दी। इसके कुछ ही दिनों बाद, 30 नवंबर को परिषद ने 270 अभ्यर्थियों की सूची जारी कर दी, लेकिन इसमें उम्मीदवारों के नाम, रोल नंबर और अन्य जरूरी जानकारी छिपा दी गई। सीबीआई जांच में सामने आया कि 270 चयनित उम्मीदवारों में से 46 प्रशिक्षित नहीं थे, जबकि नौ ऐसे अभ्यर्थी थे जो अतिरिक्त अंक मिलने के बावजूद पास नहीं हुए, फिर भी उनका नाम सूची में था। इसके अलावा, उर्दू माध्यम के दो अभ्यर्थियों को भी मौका दिया गया, जबकि एक उम्मीदवार को गलत तरीके से अतिरिक्त अंक दिया गया। 4 दिसंबर 2017 को प्राथमिक शिक्षा परिषद की तत्कालीन सचिव रत्ना चक्रवर्ती बागची ने 270 अभ्यर्थियों के नियुक्ति पत्र जारी करने की सिफारिश जिलों को भेज दी थी। सीबीआई का कहना है कि यह पूरी भर्ती प्रक्रिया अवैध थी और पार्थ चटर्जी तथा मानिक भट्टाचार्य की साजिश का नतीजा थी।

बंगाल में आतंकी नेटवर्क की जांच के लिए जेल में बंद आतंकियों से होगी पूछताछ

कोलकाता, समाज्ञा : पश्चिम बंगाल समेत देश के अन्य हिस्सों में आतंकी गतिविधियों का नेटवर्क किस हद तक फैला है, इसका पता लगाने के लिए सुरक्षा एजेंसियां जेल में बंद आतंकियों से पूछताछ की योजना बना रही हैं। विशेष रूप से बर्दवान के खागड़ागढ़ विस्फोट और बिहार के बोधगया धमाकों से जुड़े आतंकियों का नेटवर्क अब भी सक्रिय होने के संकेत मिले हैं। सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार, बांग्लादेश स्थित आतंकी संगठन आंसरुल्ला बांग्ला टीम (एबीटी) के मुखिया जसीमुद्दीन रहमानी के निर्देश पर संगठन के सदस्य पश्चिम बंगाल और अन्य राज्यों में अपनी जड़ें मजबूत कर रहे हैं। राज्य की विभिन्न जेलों में फिलहाल एबीटी और जमात-उल-मुजाहिदीन बांग्लादेश (जेएमबी) से जुड़े 40 आतंकी बंद हैं, जिनमें से पांच बांग्लादेशी नागरिक हैं। इनमें से कुछ आतंकी खागड़ागढ़ और बोधगया विस्फोटों में शामिल थे। खागड़ागढ़ विस्फोट के आरोपित तरिकुल उर्फ सुमन, जो फिलहाल बहरामपुर जेल में बंद है, का नाम हाल ही में गिरफ्तार किए गए दो एबीटी सदस्यों मिनारुल शेख और अब्बास अली के साथ जुड़ा हुआ है। जांचकर्ताओं का मानना है कि जेल में रहते हुए भी तरिकुल

संगठन को निर्देशित कर रहा है। खागड़ागढ़ विस्फोट के बाद 12 दोषी अपनी सजा पूरी कर जेल से बाहर आ चुके हैं। जांच एजेंसियां यह पता लगाने में जुटी हैं कि ये लोग दोबारा सक्रिय तो नहीं हो गए हैं। हाल ही में, गिरफ्तार नूर इस्लाम मंडल से पूछताछ में सामने आया है कि उसने बर्दवान के शिमुलिया मदरसा में प्रशिक्षण लिया था और उसके साथी खागड़ागढ़ विस्फोट में शामिल थे। 2022 में असम और मध्य प्रदेश पुलिस ने एबीटी के कुछ सदस्यों को गिरफ्तार किया था। इससे पता चला कि अल-कायदा का यह उपमहाद्वीपीय संगठन पश्चिम बंगाल में एक बड़ा नेटवर्क खड़ा करने की कोशिश कर रहा है। एक अधिकारी ने शनिवार को कहा कि जेल में बंद बांग्लादेशी आतंकी कितने सक्रिय हैं, यह जानना बेहद जरूरी है। साथ ही, संगठन के अन्य सदस्यों की पहचान और उनके नेटवर्क का खाका तैयार करना हमारी प्राथमिकता है।

फर्जी पासपोर्ट मामले में अब एक पूर्व पुलिस अधिकारी गिरफ्तार

✒ फर्जी पासपोर्ट बनाने वाले गिरोह के अब तक नों लोग की हो चुकी हैं गिरफ्तारी

कोलकाता, समाज्ञा : फर्जी पासपोर्ट मामले में गिरफ्तारियां जारी है। अब जांच टीम ने कोलकाता पुलिस के एक पूर्व अधिकारी को गिरफ्तार किया है। अब्दुल हाई नामक 61 वर्षीय कोलकाता पुलिस के पूर्व सब इंस्पेक्टर (एसआई) को शुक्रवार की रात उत्तर 24 परगना से गिरफ्तार किया गया है। वह कोलकाता पुलिस के पासपोर्ट सत्यापन विभाग में एसआई के पद पर कार्यरत था। इसके साथ ही पासपोर्ट रैकेट मामले में गिरफ्तार की आरोपितों की संख्या बढ़कर नौ हो गई है। कोलकाता पुलिस के मुताबिक, जांचकर्ताओं की एक टीम ने फर्जी पासपोर्ट मामले की जांच के आधार पर उत्तर 24 परगना के हाबरा के अशोकनगर थाना क्षेत्र में छापेमारी की। रात करीब 12.30 बजे वहां से अब्दुल हाई को गिरफ्तार कर लिया गया। वह अशोकनगर के कमरपुर गांव का रहने वाला है। उसे शनिवार को अलीपुर कोर्ट में पेश किया गया। अब्दुल कोलकाता पुलिस के सुरक्षा नियंत्रण बिंग (एससीओ) से जुड़ा था। पासपोर्ट के लिए जरूरी दस्तावेजों का सत्यापन यही विभाग करता है। पुलिस के मुताबिक, इस विभाग में रहते हुए अब्दुल पासपोर्ट धोखाधड़ी में मदद कर रहा था। जांच अधिकारी आरोपितों से पूछताछ कर इस संबंध में और जानकारी जुटा रहे हैं।

मालदह में तृणमूल नेता की हत्या के मद्देनजर राज्य पुलिस ने विभिन्न सीपी के साथ की आपात बैठक

कोलकाता, समाज्ञा : मालदा में तृणमूल नेता की हत्या के मद्देनजर राज्य पुलिस ने पुलिस आयुक्त के साथ आपात बैठक की। पिछले कुछ सालों में कुछ नेताओं की सुरक्षा हटा ली गई है, कुछ नेताओं को सुरक्षा की जरूरत है, राज्य पुलिस को इसकी समीक्षा कर रिपोर्ट सौंपने का आदेश दिया गया है। 24 घंटे के अंदर सूची बनाकर रिपोर्ट देने का आदेश दिया गया है। विभिन्न जिलों के एसपी और सीपी को अगले 24 घंटे के भीतर इस मामले की समीक्षा कर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया गया है। राज्य पुलिस ने शुक्रवार को दोपहर तीन बजे से करीब एक घंटे तक विभिन्न जिलों के एसपी और सीपी के साथ वर्चुअल मीटिंग की। बैठक की अध्यक्षता राज्य सुरक्षा पदाधिकारी ने की। कोलकाता पुलिस को भी एक अलग रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। इस दिन बैठक भवानी भवन से आयोजित की गई थी।

अग्निशमन मंत्री सुजीत बसु और सुंदरवन विकास मंत्री बंकिम चंद्र हाजरा सहित प्रशासनिक अधिकारियों ने आगामी गंगासागर मेले का निरीक्षण किया

	जय दादी की	
	श्री राणी सत्यै नमः	
	श्री गणेशाय नमः || || श्री हनुमते नमः	
30वां मंगल महोत्सव
भव्य श्रृंगार • अखण्ड ज्योति • छप्पन भोग • भजन कीर्तन
रविवार, 05 जनवरी 2025, दोपहर : 12.30 बजे से
समिति के प्राणपुरुष 'दादीमय' राजेश कानोड़िया
1008 महिलाओं द्वारा सामूहिक मंगल पाठ
पाठ वाचक : कुँवर तेजस राणा, अजमेर
प्रवेश कार्ड द्वारा
विशिष्ट अतिथिगण श्री संतोष ढांढनिया श्री रंजीत चौधरी
दादी जी का खजाना
द उत्तर हावड़ा सेवा समिति के सहयोग से निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर
स्थान : गोपाल भवन, बांधाघाट
स्थानः बिका बेंक्वेट (रंगोली मॉल), बेलूर, हावड़ा
फलों और मेवा का महाभोग ❋ दादी जी का चरण अभिषेक
देश की बेटी का विशेष नागरिक सम्मान CA Shivani Agarwalla (6 time World Champion & Won Gold For India at IKMF World Kettleble Championship 2024)
सीधा प्रसारण : YouTube SITI
Sri Narayani Mangal Path Samiti
आयोजक : श्री नारायणी मंगल पाठ समिति, बांधाघाट, हावड़ा

CALCUTTA VASTRA VYAVSAYI SEVA SAMITY S/83764
कलकत्ता वस्त्र व्यवसायी सेवा समिति
कार्यालय : टी.आर.पी.एल. टॉवर, कमरा नं. 303 बी, 3 तल्ला, 15-बी, आरमेनियन स्ट्रीट, कोलकाता-1, मो. 84209 98330
गंगासागर सेवा केन्द्र : SWARG ASHRAM रोड नं.1, बस स्टैण्ड के पास
निःशुल्क सेवा शिविर 8 से 15 जनवरी 2025
मकर संक्रान्ति के पावन अवसर पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी देश-देशान्तर से आने वाले तीर्थयात्रियों के सेवार्थ निःशुल्क आवास, भोजन, नाश्ता, चाय-बिस्कुट एवं प्राथमिक चिकित्सा की सेवा उपलब्ध है।
सेवा परमो धर्मः
महेन्द्र कुमार चौधरी (अध्यक्ष)
मेला संयोजक
बजरंग लाल खेड़िया (कोषाध्यक्ष) - कमल चन्द बैद (सह-सचिव) - राजेश कुमार गुप्ता (सह-कोषाध्यक्ष)
नन्दकिशोर भूतड़ा (सचिव)
उपाध्यक्ष : सीताराम वर्मा, मुरारी लाल सराफ • सह-सचिव : दयानन्द गुप्ता • PRO : मनोज जैन, विवेक अग्रवाल
कार्यकारिणी सदस्य : भंवरलाल बिहानी, प्रदीप कुमार चिरानियां, सुरेन्द्र शर्मा, मुकेश कुमार गुप्ता, अरुण बागड़ोदिया, अशोक कुमार शाह, मनोज तिवारी, जसवन्त कुमार श्यामसुखा, रामअधार प्रजापती, कमल सिंह जैन, कैलाश चन्द खेड़िया, सुनीत कुमार तोदी, सुनील गुप्ता, मुकेश गोयल
सलाहकार सदस्य : ललित बेरीवाला, प्रदीप कुमार तोदी, विश्वनाथ सेक्सरिया, ब्रह्मानन्द अग्रवाल, मुरारीलाल खेतान, प्रहलाद राय अग्रवाल, रामगोपाल चौधरी, श्याम सुन्दर अग्रवाल, राजकुमार पसारी, जगत सिंह सेठिया, सत्यनारायण राठी, रमेश कुमार सोमानी, पवन कुमार धूत, जीवन दास मोहता
गंगासागर स्थित स्वर्ग आश्रम भवन में ठहरने एवं भोजन की व्यवस्था बारह मास उपलब्ध रहती है।
SHYAM STEEL TMT REBAR | AMUL MACHO | MINU COTTON SYNTHETIC • FANCY SAREES SALWAR SUITS • BED SHEETS | BENGAL ENERGY | LUX VENUS INNERWEAR | EUREKA | DOLLAR WEAR THE CHANGE | KAMLA DALMIA CHARITY TRUST | A-first EXCLUSIVE KIDS WEAR | Agarwal Coal (INDORE)
RADHE SHYAM TRADING CO. | SAAR By Rajkumar's Apparels & Fabrics Undefined 99A, Park Street, 1st Floor, Kolkata-700 016 | KEYA | Aayushi FAB | PERIWALL GROUP | deepee Twister LEGGINGS | ARYAVRAT Financial Services Pvt. Ltd. | Tantrums NOVICA GIRLS WEAR | Pintoo Textile | Jamini SAREE
RUPA FRONTLINE | C. I. LABORATORIES | Anup Kumar Jhunjhunwala | श्री India's No.1 Rakhi | Laxsilks REAL FABRICS | MEGHDOOT HOTEL PVT LTD | Ratnaka | BD | srijan Building Tomorrows | PS GROUP
SPL KIA SANWARIA CARS PRIVATE LIMITED | baazar | AKHEYCHAND HULASCHAND | TULSI WEIGH SOLUTIONS PVT. LTD. The future of weighing | VISHAL SALES CORPORATION | DHOOT | VCM Vinayak COTTON MILLS (P) LTD. | UPVAN Syntex Pvt. Ltd. | sati | Kothari "LUXURY UNDERGARMENTS"
NEW BAIJNATH KHANNA | RAMA Krishna Fabrics | PRADIP KUMAR MUNDRA | JAI GOPAL RAKESH KUMAR | Neptune attaining the goal always | Mumbai Brahamaputra Infracon Pvt. Ltd. Your Dream We Build | BHATTER SILVER ARTS PVT. LTD. | LGW EVENTS Exceptional Experience Everytime | KADAMBARI TEXTILES | B.P. TRADING PVT. LTD.
Messaging digital https://messaging.digital | AGARWALA FAB TRADE PVT. LTD. | MB MARKETING | KABA EXPRESS PRIVATE LIMITED | MATA Maa Annapurna Transport Agency Pvt. Ltd. | VISHNNUKANT KAJARIA | CENTRAL TRANSPORT SERVICE | SUSHIL KUMAR MIMANI | Ganesh FINER. FRESHER. BETTER. | KALURAM SATYANARAYAN BASTA, ORISSA
VIJOY ENTERPRISES | TRPL Building Dreams Defining Lifestyle | DEOKINANDAN TODI | MANOJ CHANDAK Balasore, Odisha | SHREE BHAWANI SHANKAR SYNTHETICS | PUSHPA DEVI RATHI | Shankar Styles Station Pvt. Ltd. | M. R. T. SIGNALS | GOPAL DEBNATH | Mala SAREES & SUITS
Girdhar Texfab Pvt. Ltd. | SKRK HOUSE OF FABRICS | sampann | MADAN GOPAL HOSIERY | SHREE RSH GROUP Our commitment your Comfort | PANKAJ BUCHHA | | SANGAM TRADERS | A. V. Agency | Raj Dealers & Distributors
सहयोगी : कोलकाता, मटियाब्रुज एवं बाकड़ा के वस्त्र व्यवसायीगण
नोट : समिति को दिया गया अनुदान आयकर धारा 80 जी के अन्तर्गत कर मुक्त है।

डोमकल में बंद कमरे में नर्स की रहस्यमयी मौत

इस दिन, महोत्सव पर प्रकाशित श्याम भजन पुस्तिका का विमोचन गुरुवर ओंकारमल शर्मा के कर कमलों से मण्डल के सभापति राधेश्याम सुल्तालिया, उप-सभापति द्वय श्याम सुन्दर सुरेका व राजेन्द्र सुल्तानिया, मंत्री बिनोद सुल्तानिया, संयोजकों बिरम प्रकाश सुल्तानिया, मनमोहन चौधरी, पीयूष बंका सहित अन्य गणमान्य लोगों की उपस्थित में हुआ। राधेश्याम सुल्तानिया व बिनोद सुल्तानिया ने संयुक्त रुप से बताया कि श्री श्याम मण्डल नूतन बाजार श्री श्याम प्रभु की साधना के साथ ही जन-साधारण के लिए पूरे साल विविध सेवा प्रकल्प संचालित करती है जिनमें फाल्गुन मेला के दौरान खाटूधाम में लगातार दस दिनों तक देश-दुनिया से पहुंचने वाले लाखाधिक श्याम भक्तों के लिए आवास, भोजन सहित अन्य सेवाओं का प्रबंध प्रमुख हैं। इस दिन, महोत्सव के शुरू होते ही भजनों की गंगा में गोते लगाने और श्री श्याम प्रभु की झांकी के दर्शन हेतु भारी संख्या में श्याम भक्त आयोजन स्थल पर एकत्रित होने लगे। रविवार की रात 9 बजे तक चलने वाले इस महोत्सव में विभिन्न राज्यों सहित कोलकाता-हावड़ा व अन्य स्थानों की भजन मण्डलियों व गायकों द्वारा भजनों का कार्यक्रम प्रस्तुत किया जा रहा है। मण्डल के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता महोत्सव की सफलता हेतु सक्रिय हैं। यह महोत्सव रविवार (5 जनवरी) को रात्रि 9 बजे तक चलेगा।

पटवों की हवेली, जैसलमेर राजस्थान

हमारी अंजानी धरोहर-58

डॉ. एस. के. सैनी

मरुधरा जैसलमेर में हमारी एक अद्भुत अनजानी धरोहर है, जो शहर के बीचो-बीच में है। यह जैसलमेर की सबसे बड़ी और सबसे पुरानी हवेली है जो लंबे समय से पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र रही है लोग जैसलमेर में शहर के बीचो-बीच पहुंचकर इन हवेलियों के आकर्षण में खो जाते हैं। यह पीले रंग के बलुआ पत्थर से बनी हुई है। इसका मुख्य द्वार भी नक्काशी से भरपूर है।

यह कुल मिलाकर पांच हवेलियां हैं जो एक दूसरे से सटी हुई हैं। यह भूमि तल से 8-10 फीट ऊंचे चबूतरे पर बनाई हुई है एक मंजिल भू तल मे है बाकी 6 मंजिलें ऊपर दिखाई देती है कुल सात मंजिला हवेली है। कांच का कार्य और नक्काशी का कार्य बेहद अद्भुत है जो इसको उसे समय के रह वासियों के शौकीन तबीयत और शाह खर्च होने की याद दिलाता है। पहले और सबसे बड़ी हवेली का निर्माण 1805 में गुमानचंद्र पटवा द्वारा करवाया गया था। सटी हुई आसपास की बाजू वाली हवेलियों का निर्माण उनके अग्रजों के द्वारा करवाया गया।

यह हवेली हमें वास्तुकला की भव्यता का दर्शन करवाती है। जैसलमेर के पीले पत्थर पर बारीक नक्काशी से बने हुई झरोखे, जालीदार काम किए हुए पत्थर संपूर्ण हवेली में लगे हुए हैं। हवेली के अंदर चित्रकला, हवेली के वासिदों की स्मरणीय वस्तुएं, कुछ नायाब चीजें जो जैसलमेर की मरुधरा की याद दिलाती हैं। यह एक निजी धरोहर है जिसका प्रवेश शुल्क 200 प्रति व्यक्ति है। इसे लगभग 2 घंटे में देखा जा सकता है। संपूर्ण हवेली पीले रंग के बलुई पत्थर से है लेकिन हवेली का प्रवेश द्वार भूरे रंग के पत्थर से बनाया गया है।

यह हवेलियां जैसलमेर के प्रसिद्ध किले से थोड़ी दूर पर ही स्थित है। धीरे-धीरे यहां पर पहुंच जाते हैं और यहां की पत्थरों की नक्काशी को देखकर के आश्चर्यचकित हो जाते हैं बहुत दूर से फोटोग्राफ लेने पर ही इस हवेली की पूरीफोटो सामने आती है।अगर हमें नक्काशी का फोटो लेना है तो हमें नजदीकी किसी झरोखे का फोटो लेना पड़ेगा। लोग यहां तरह-तरह के पोज़ बनाकर के अपने फोटोग्राफ्स खिंचवाते हैं। यह हवेली, ऐसा लगता है कि पत्थरों पर संगीत उकेरा गया है।

खुशियों की बारिश

डॉ.मंजरी शुक्ला

कितनी बार कह चुकी हूँ कि अब मैं छाता नहीं दूंगी, काम करना है तो करो नहीं तो बिलकुल मत करो। मम्मी ने गुस्से से चिल्लाते हुए सीमा आंटी से कहा-

पतली दुबली आंटी बारिश के पानी में भीगी हुई खड़ी थी और रह रहकर काँप रही थी।

मम्मी को दो दिन से बुखार था और उस हालत में भी उन्हें घर का सारा काम करना पड़ रहा था, इसलिए वह नाराज़ होरही थीं।

मम्मी ने आंटी से पूछा-पहले तुम मुझे यह बताओ कि तुम छातों का करती क्या हो? मैंने तुम्हें पहले भी दो कहते दिए हैं, तुम उन्हें लेकर क्यों नहीं आती?

घर में सब काम में आ जाते हैं। आंटी ने धीरे से कहा

मम्मी अब तक पूरी तरह वकील बन चुकी थीं इसलिए बोली-जब तुम्हारे घर के सभी लोगो के लिए मैंने छाते दिए हैं तो वे तुम्हारा छठा क्यों लेते हैं?

मैंने कहा-मम्मी जाने दीजिये ना, अपने घर में तीन-तीन छाते फालतू पड़े हुए हैं, एक और सीमा आंटी को दे दीजिए।

नहीं, ये छाते खो देती है। मैं अब एक भी छाता नहीं दूंगी। मुझे समझ में नहीं आता है कि जो भी आता है मुझसे छाता लेकर जाता है। मेरे घर में काम करने से पहले क्या बरसात नहीं होती थी। मम्मी भुनभुनाते हुए बोली

हम बारिश में भीगते रहते थे क्योंकि कोई भी छाता नहीं देता था और हमारे पास कहाँ इतने पैसे बचते हैं कि हम छाता खरीदें। सिर पर कोई पन्नी रखकर बचा लेते हैं खुद को। कहते हुए सीमा आंटी रो पड़ी

मैंने कहा-मम्मी, वो ठंड से काँप रही हैं, बीमार पड़ जाएंगी।

मैंने सारा काम कर लिया है, तुम वापस घर जाओ। कहते हुए मम्मी ने खिड़की से बाहर झाँका

मैं जानता था कि मम्मी इस समय भी आंटी कि चिंता कर रही हैं कि कहीं बारिश ना हो रही हो। वैसे मम्मी आंटी का बहुत ध्यान रखती थी पर बुखार और कमजोरी में पूरे घर का काम करने के कारण बहुत थक गई हैं इसलिए गुस्सा हो रही हैं। सीमा आंटी ने मेरी तरफ़ आँसू भरी नज़रों से देखा और साड़ी के पल्लू से आँसू पोंछते हुए घर के बहार चली गईं।

मम्मी बोली-चल, जल्दी से दो कहते लेकर आ, मैं आज इसके घर जाकर सबसे पूछूँगी कि ये मेरे छाते रोज़ खो कैसे देते हैं।

मैंने कहा-आपको बुखार है, आप आराम करो।

मम्मी ने मेरी तरफ़ घूर कर देखा।

डर के मारे जैसे मेरे पँख लग गए और मैं झट से दो छाते ले आयाख

मम्मी और मैं आंटी के पीछे चल दिए। थोड़ी दूर जाने पर वह एक कच्ची सड़क की ओर मुड़ गई।

मैंने धीरे से कहा-यहाँ तो घर दिखाई ही नहीं दे रहे हैं।

मम्मी ने चुप रहने का इशारा किया ओर जेम्स बांड की तरह सधे क़दमों से आंटी के पीछे चलने लगी।

अब झोपडपट्टियाँ दिखाई देने लगी थी। छोटे छोटे बच्चे बिना कपड़ों के ही मिट्टी में खेल रहे थे।

तभी आंटी एक झोपडी के अंदर चली गई।

मम्मी ओर मैं भी फुर्ती से उस झोपड़ी में चले गए।

एक छोटी सी झोपड़ी, जिसकी छत के नाम पर तिरपाल बिछा हुआ था। वो भी कई जगह से फटा हुआ था और उसमें से पानी चू रहा था। दो छोटे बच्चे सूखी रोटी पकड़े हुए बैठे थे। मैंने मम्मी को देखा, उनका चेहरा पीला पड़ गया था। तभी मुझे कूँ कूँ की आवाज़ सुनाई दी। मैंने और मम्मी ने एक साथ उस तरफ़ देखा, वहाँ पर काले रंग के चार नन्हे पिल्लै अपनी माँ से चिपटे हुए सो रहे थे। उनके ऊपर फटी हुई तिरपाल में दो छाते उलटे लटके हुए थे, जिनमें बारिश का पानी टपक कर भर रहा था। इस कारण कुत्ते बारिश से बचे हुए थे।

पता नहीं क्या हुआ पर मम्मी रोने लगी और आंटी का हाथ पकड़ते हुए बोली-मुझे माफ़ कर दो।

आंटी मुस्कुरा दी और उनकी मुस्कराहट के साथ ही कमरा जैसे रोशनी सी भर गया।

कुछ दिनों बाद ही मम्मी ने आंटी के यहाँ कवेलू डलवा कर छत बनवा दी और अब आंटी मुस्कुराते हुए रोज़ छाता लेकर काम पर आती है।

ई-लर्निंग में भागीदारी बढ़ाने में गेमीफिकेशन की भूमिका

त्रिलोक नाथ पांडेय

आज के डिजिटल युग में ई-लर्निंग शिक्षा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है। हालांकि, ऑनलाइन कक्षाओं में छात्रों की भागीदारी और उनकी रुचि बनाए रखना शिक्षकों और अभिभावकों के लिए एक बड़ी चुनौती है। ऐसे में गेमीफिकेशन (Gamification) एक प्रभावी समाधान के रूप में उभरा है। गेमीफिकेशन का मतलब है शिक्षा में खेल-आधारित तत्वों जैसे अंक (points), बैज (लरवसशी), लीडरबोर्ड (श्रशरवशीलेरीव) और चैलेंज / चुनौतियों (challenges) को शामिल करना ताकि सीखने की प्रक्रिया अधिक रोचक और इंटरएक्टिव हो सके।

गेमीफिकेशन के माध्यम से छात्र- भागीदारी कैसे बढ़ाई जा सकती है?

1. प्रेरणा और रुचि बढ़ाना:

जब छात्रों को किसी कार्य के लिए अंक या इनाम मिलता है, तो वे अधिक प्रेरित महसूस करते हैं।

उदाहरण: छात्रों को प्रत्येक क्विज़ - प्रश्नोत्तरी या पाठ पूरा करने के बाद अंक दिए जाते हैं। इन अंकों के आधार पर वे अगले स्तर (लेवल) तक पहुंच सकते हैं या विशेष इनाम जीत सकते हैं।

प्रभाव: छात्र स्वयं अधिक मेहनत करते हैं ताकि अधिक अंक प्राप्त कर सकें और अगले स्तर पर पहुंच सकें। यह सीखने की प्रक्रिया को एक खेल की तरह रोमांचक बना देता है।

2. स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहित करना:

गेमीफिकेशन में लीडरबोर्ड का उपयोग छात्रों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देता है।

उदाहरण: कक्षा के छात्रों के प्रदर्शन को एक लीडरबोर्ड पर दिखाया जाता है, जहां शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों के नाम प्रकाशित किए जाते हैं।

प्रभाव: अन्य छात्र भी इस सूची में आने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं, जिससे उनकी भागीदारी और प्रदर्शन में सुधार होता है।

3. त्वरित प्रतिक्रिया(फीडबैक) प्रदान करना:

शिक्षा में त्वरित फीडबैक (feedback) का महत्व बहुत अधिक है। छात्रों को यह जानने की जरूरत होती है कि वे सही दिशा में जा रहे हैं या नहीं।

उदाहरण: छात्रों को एक प्रश्नोत्तरी (quiz) हल करने के बाद तुरंत बताया जाता है कि उनके उत्तर सही थे या नहीं। सही उत्तर देने पर उन्हें बैज (badge) या प्रमाणपत्र (certificate) भी दिया जा सकता है।

प्रभाव: छात्र त्वरित फीडबैक के माध्यम से अपनी गलतियों को सुधार सकते हैं और अगली बार बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित होते हैं।

4. सीखने को रोमांचक बनाना:

गेमीफिकेशन के जरिए ई-लर्निंग को एक रोमांचक अनुभव में बदला जा सकता है।

उदाहरण: कई ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म एडवेंचर क्वेस्ट का उपयोग करते हैं, जिसमें छात्रों को एक कहानी के रूप में चुनौतियों और समस्याओं को हल करना होता है।

प्रभाव: कहानी-आधारित सीखने से छात्र एक रोमांचक यात्रा का अनुभव करते हैं, जिससे उनकी भागीदारी और रुचि बनी रहती है।

5. लक्ष्यों की प्राप्ति को ट्रैक करना:

जब छात्र अपनी प्रगति क ा वास्तविक समय में देख सकते हैं, तो वे अपने लक्ष्य प्राप्त करने के लिए अधिक प्रयास करते हैं।

उदाहरण: कई ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म पर एक प्रगति बार (Progress Bar) होता है, जो छात्रों को दिखाता है कि उन्होंने कितना पाठ्यक्रम पूरा कर लिया है और कितना बाकी है।

प्रभाव: जब छात्र अपनी प्रगति को विज़ुअल रूप से देख पाते हैं, तो वे अपने लक्ष्यों की ओर अधिक गंभीरता से काम करने लगते हैं।

6. निजीकरण (झशीीपरश्रळरींळेप) को बढ़ावा देना

गेमीफिकेशन छात्रों को अपनी पसंद के अनुसार सीखने के अनुभव को अनुकूलित करने का अवसर देता है।

उदाहरण: कुछ ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म छात्रों को उनकी उपलब्धियों के आधार पर अवतार (Avatar) या प्रोफाइल कस्टमाइज़ करने की अनुमति देते हैं।

प्रभाव: छात्र अपने अवतार और प्रोफाइल को अनुकूलित करने के लिए अधिक प्रयास करते हैं और अपनी उपलब्धियों को लेकर गर्व महसूस करते हैं।

गेमीफिकेशन के सफल उदाहरण

आज के समय में कई ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म, जैसे डुओलिंगो (Duolingo), काहूट (Kahoot) और क्विज़िज़ (Quizizz) ने गेमीफिकेशन की मदद से छात्रों की भागीदारी को बड़े पैमाने पर बढ़ाया है। इन प्लेटफॉर्म्स पर छात्रों को स्तरों (levels) पर बढ़ने के लिए बैज, अंक और पुरस्कार दिए जाते हैं। डुओलिंगो में, छात्र एक खेल के रूप में भाषाएं सीखते हैं, जबकि काहूट और क्विज़िज़ में शिक्षक कक्षा में लाइव क्विज़ आयोजित कर सकते हैं, जिसमें छात्र वास्तविक समय में प्रतिस्पर्धा करते हैं।

निष्कर्ष :

गेमीफिकेशन ने ई-लर्निंग को एक उबाऊ प्रक्रिया से एक इंटरएक्टिव और मजेदार अनुभव में बदल दिया है। अंक, बैज, लीडरबोर्ड और प्रगति ट्रैकिंग जैसी सुविधाओं के कारण छात्र अधिक सक्रिय हो जाते हैं और सीखने की प्रक्रिया को एक खेल की तरह महसूस करते हैं। स्वस्थ प्रतिस्पर्धा, त्वरित फीडबैक और व्यक्तिगत अनुभव के माध्यम से छात्रों की भागीदारी बढ़ाई जा सकती है। डुओलिंगो, काहूट और क्विज़िज़ जैसे उदाहरण बताते हैं कि जब शिक्षा खेल का रूप ले लेती है, तो छात्र उसे अधिक रुचि और आनंद के साथ अपनाते हैं। शिक्षा जगत में गेमीफिकेशन का उपयोग न केवल भविष्य की जरूरत है, बल्कि यह छात्रों के सीखने के अनुभव को समृद्ध करने का एक अनिवार्य हिस्सा बन गया है।

कहीं छोटा न रह जाए आपका बच्चा, संपूर्ण विकास के लिए रखें इन बातों का ध्यान

बच्चे के संपूर्ण विकास के लिए माता-पिता की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होती है। शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक और सामाजिक विकास के लिए सही देखरेख और पोषण जरूरी है। शुरुआत गर्भावस्था से ही हो जाती है। बच्चे के विकास की नींव गर्भावस्था के समय ही रखी जाती है। मां को संतुलित आहार, नियमित जांच और स्वस्थ जीवनशैली अपनानी चाहिए। सकारात्मक सोच और तनाव मुक्त जीवन बच्चे के मानसिक विकास और स्वस्थ रूप से प्रसव में सहायक होती है।

हालांकि बच्चे के जन्म के बाद उसके शारीरिक विकास, जैसे स्वस्थ शरीर, लंबाई बढ़ाने, मांसपेशियों की मजबूती आदि का खास ध्यान दिया जाना चाहिए। इसके साथ ही बच्चा का मानसिक विकास भी उम्र के मुताबिक धीमी गति से न हो, इसका भी ध्यान दिए जाने की जरूरत है। ऐसे में आइए जानते हैं कि संपूर्ण विकास के लिए किस आयु से बच्चे की देखभाल पर ध्यान दिए जाने की जरूरत होती है, ताकि अपनी उम्र के हिसाब से उसकी हाइट भी कम न हो और वह अन्य बच्चों की तुलना में छोटा न रह जाए।

जन्म से 2 वर्ष तक

यह समय बच्चे के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए महत्वपूर्ण होता है। जन्म के बाद 1000 दिनों तक बच्चे को विशेष देखभाल की जरूरत होती है। कम से कम 6 महीने तक केवल माँ का दूध देना चाहिए। 6 महीने के बाद पोषक तत्वों से भरपूर भोजन देना शुरू कर दें। इसके अलावा अपने बच्चे से बात करना, आंखों में देखना, संगीत सुनाना और खिलौनों से खेलना जरूरी है। साथ ही टीकाकरण और समय-समय पर डॉक्टर से जांच भी जरूर कराएं।

3 से 5 वर्ष की उम्र

ये आयु बालपन की होती है। इस उम्र में बच्चे की मोटर स्किल्स का विकास होता है। उसे दौड़ना, कूदना, ड्राइंग, रंग भरना जैसी गतिविधियां कराएं। इस आयु में बच्चा भाषायी ज्ञान प्राप्त करता है। उससे बातचीत करना शुरू कर दें। बच्चे को कहानियां सुनाएं और किताबें पढ़ें ताकि उसकी भाषायी समझ बढ़े। हरी सब्जियों, फल, दूध और प्रोटीन युक्त आहार दें। साथ ही बच्चे को आत्मनिर्भर बनाना सिखाएं, जैसे अपने जूते पहनना या हाथ धोना।

6 से 12 वर्ष की उम्र

इस उम्र में बच्चा विद्यालय जाने लगता है। 12 वर्ष की आयु तक के बच्चों की शारीरिक गतिविधियां बढ़ जाती हैं। उन्हें खेल, योग और अन्य शारीरिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करें और पढ़ाई में रुचि बढ़ाने के लिए बच्चों की मदद करें। बच्चे में सामाजिक विकास की ये आदर्श आयु होती है। उन्हें दोस्त बनाना, टीम वर्क और दूसरों के साथ घुलना-मिलना सिखाएं।

13 से 18 वर्ष की आयु

ये किसी भी बच्चे की किशोरावस्था होती है। इस आयु में उन्हें स्वास्थ्य, स्वतंत्रता और शिक्षा के साथ ही भावनात्मक समर्थन की जरूरत होती है। बच्चों को उनकी भावनाओं को समझने और व्यक्त करने में मदद करें। बच्चे में स्वस्थ जीवनशैली, सही खानपान और व्यायाम की आदत डालें। उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करें लेकिन नजर भी रखें। करियर और जीवन के उद्देश्यों के बारे में खुलकर बातचीत करें।

जेन जी का स्टाइल है निराला, सर्दियों में आकर्षक दिखने के लिए अपनाते हैं ये टिप्स

आपका लुक काफी हद तक आपका प्रभाव तय करता है। यही कारण है कि जेन-जी अपने लुक, फैशन और स्टाइल पर बहुत ध्यान देती है। वह सर्दियों में भी ऐसे परिधान पहनती है, जिनसे उसके लुक में निखार आए। फैशन के साथ ही आज की पीढ़ी सहजता पर भी पूरा ध्यान देती है। एक समय था, जब महिलाएं सर्दियों में सजना-संवरना कम कर देती थीं, लेकिन जेन-जी ने सर्दियों के फैशन को नया आयाम दिया है। वह ठंड के मौसम में भी स्टाइल का पूरा ध्यान रखती है। आप भी ठंड के इस मौसम में अपने शानदार ड्रेसिंग सेंस से सभी को प्रभावित कर सकती हैं। बस आपको जेन-जी के कुछ स्टाइल्स और ट्रेंड्स को फॉलो करना होगा।

लॉन्ग फर जैकेट और वूलन सूट

मिलान फैशन वीक से लेकर पेरिस फैशन वीक तक इस बार फर जैकेट की धूम रही है। इस जैकेट की खासियत यह है कि यह देखने में स्टाइलिश लगती है और पहनने में आरामदायक है। यह ठंडी हवाओं से भी आपकी सुरक्षा करती है। यह ट्राउजर-शर्ट, लॉन्ग स्कर्ट-टॉप और बॉडीकॉन ड्रेस के साथ बहुत अच्छा लगता है। वहीं 2024-25 के जाड़े के मौसम में जेन-जी की पहली पसंद बन गए हैं स्टाइलिश सूट्स। इन सूट्स को आप अपनी पसंद के अनुसार डिजाइन करा सकती हैं। अगर आप कोई प्रोफेशनल हैं, स्टूडेंट हैं या स्कॉलर हैं तो इस तरह के विंटर वुलन सूट्स आपके कलेक्शन का हिस्सा जरूर होने चाहिए। यह आपको पावरफुल और बॉसी लुक देते हैं।

स्टॉकिंग विद हाई बूट्स

सर्दियों के मौसम में अगर आप हॉट दिखने की ख्वाहिश रखती हैं तो जेन-जी की तरह शॉर्ट स्कर्ट विद स्टॉकिंग जरूर ट्राई करें। इसके साथ स्वेटर या जैकेट पेयर करें। आपका यह सिंपल लुक सभी को प्रभावित करने का दम रखता है। यह लुक किसी भी पार्टी, सफर या आउटिंग के लिए परफेक्ट हो सकता है। हाई बूट्स पहनने का अपना ही मजा है। यह वो स्टाइल स्टेटमेंट है, जिसे अपनाकर आप भीड़ में भी सबसे अलग नजर आ सकती हैं।

हाई बूट्स के साथ शॉर्ट स्कर्ट बहुत अच्छी लगती हैं। ऐसे में आप भी अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा की तरह क्रॉप टॉप विद शॉर्ट स्कर्ट ट्राई करें। इसके साथ शॉर्ट फर जैकेट और हाई बूट्स से खुद को स्टाइल करें। किसी भी पार्टी और फंक्शन में यह लुक गॉर्जियस लगेगा।

हाई नेक और नीट स्वेटर

हाई नेक स्वेटर हमेशा से सर्दियों में सभी की पसंद होते हैं। ये ठंड से बचाने के साथ ही आपको स्टाइलिश लुक भी देते हैं। इन दिनों स्ट्रिप पैटर्न स्वेटर काफी चलन में हैं। आप इनको लॉन्ग स्कर्ट, शॉर्ट स्कर्ट, जींस, पैंट के साथ आसानी से पेयर कर सकती हैं। ये सिंपल स्वेटर आपके लुक में चार-चांद लगा सकते हैं।

वहीं अब एक बार फिर से नीट स्वेटर्स का दौर लौट आया है। ये काफी ट्रेंड में हैं और बड़े-बड़े क्लोदिंग ब्रांड नीट स्वेटर्स की रेंज लॉन्च कर रहे हैं। ट्रेंड में होने के कारण ये जेन-जी की भी पसंद बन गए हैं। आप जींस के साथ लॉन्ग नीट स्वेटर और हाई नेक स्कीवी ट्राई कर सकती हैं। इसके साथ लॉन्ग सॉक्स और बूट्स पहनें, जो आपको ग्लैमरस लुक देंगे।

जैकेट विद शॉर्ट फ्रॉक और बेल्ट

आराम के मामले में कोई समझौता नहीं करने वाली जेन-जी के लिए जैकेट विद शॉर्ट फ्रॉक और बेल्ट परफेक्ट है। आप शॉर्ट फ्रॉक को बैल्ट लगाकर स्टाइल करें। इसके साथ बूट्स और मैचिंग जैकेट पहनें। यह सिंपल आउटफिट भी आपको ग्लैमरस दिखने के लिए परफेक्ट होगा। साथ ही अपने लुक में एक्स फैक्टर जोड़ना चाहती हैं तो लेदर जैकेट ट्राई कर सकती हैं।

लेदर जैकेट आज भी ट्रेंड में है। इसकी खासियत यह है कि यह हर आउटफिट पर अच्छा लगती है। आप स्कर्ट, फ्रॉक, जींस या बॉडीकॉन ड्रेस, किसी के भी साथ इसे पहन सकती हैं। इसके साथ लेदर के हाई बूट्स पहनें तो आपके आकर्षक लुक से हर कोई प्रभावित हो सकता है। वैसे भी लेदर जैकेट सर्द हवाओं से आपका पूरा बचाव करती है।

वुलन शॉर्ट कॉर्ड सेट

अगर आप स्टाइल और कंफर्ट, दोनों चाहती हैं तो आपके विंटर वार्डरोब में वुलन शॉर्ट कॉर्ड सेट जरूर होना चाहिए। वुलन शॉर्ट के साथ वुलन टॉप और जैकेट का यह सेट जितना आरामदायक है, उतना ही खूबसूरत भी। पिकनिक, घूमने या सफर, सभी के लिए यह एक अच्छा विकल्प हो सकती है। आप अपनी पसंद से ब्राइट कलर चुन सकती हैं।

स्टॉल को करें स्टाइल

सर्दियों के मौसम में कैजुअल लुक चाहती हैं तो आप स्टॉल को भी स्टाइल करके शानदार लुक पा सकती हैं। आप बॉलीवुड एक्ट्रेस सारा अली खान का इंस्पायर लुक भी अपना सकती हैं। सारा ने लूज फिट डेनिम जींस और क्रॉप टॉप के साथ स्टॉल को स्टाइल किया था। यह सिंपल-कैजुअल लुक आपका रफ एंड टफ अंदाज दिखाएगा।

ओवर कोट से बॉसी लुक

जेन-जी के सर्दियों के वार्डरोब में ओवर कोट एक अहम हिस्सा है। ऐसा इसलिए, क्योंकि यह न सिर्फ आपको बॉसी लुक देता है, बल्कि इंडियन और वेस्टर्न, दोनों तरह के आउटफिट्स पर अच्छा लगता है। आप इसे साड़ी, सूट, जींस, स्कर्ट, फ्रॉक या बॉडीकॉन ड्रेस, सभी के साथ पहन सकती हैं।

इन्हें भी न भूलें

बोल्ड ज्वेलरी

सर्दियों में गोल्ड या सिल्वर चंकी चेन नेकलेस, हूप्स और स्टैक्ड रिंग्स बेहद पॉपुलर हैं।

बैग

मिनी बैग्स और स्लिंग बैग्स ट्रेंड में हैं। इसके अलावा बड़े टोट बैग्स भी कंफर्ट और स्टाइल का परफेक्ट बैलेंस हैं।

स्कार्फ और हैट

वुलन स्कार्फ और बेरेट्स को अपने लुक में शामिल करें। ये न केवल आपको गरम रखते हैं, बल्कि क्लासी लुक भी देते हैं।

मोनोक्रोम लुक

ब्लैक, बेज, ग्रे या व्हाइट जैसे न्यूट्रल कलर्स का इस्तेमाल करें। अपने आउटफिट में टेक्सचर जोड़ने के लिए वूल, लेदर और निटेड फैब्रिक का इस्तेमाल करें।

लेयरिंग के साथ स्टाइल

फैशन डिजाइनर जयकीर्ति सिंह बताती हैं, जेन-जी का स्टाइल निराला है। वह हर सूरत में खूबसूरत और स्टाइलिश दिखना चाहती है, लेकिन वह सबसे ज्यादा अहमियत देती है आराम को। आमतौर पर महिलाएं लेयरिंग को इतना पसंद नहीं करती, लेकिन जेन-जी लेयरिंग करती हैऔर स्टाइलिश भी दिखती है। वह समर ड्रेस को विंटर में ओवर कोट, बूट्स, स्कार्फ और खूबसूरत ज्वेलरी के साथ कैरी करती है। वह ऐसी ज्वेलरी का चयन करती है, जो हल्की होने के साथ उसके आउटफिट पर फबे।

जेन-जी की खासियत है कि वह किसी भी कपड़े को वेस्ट नहीं होने देती। वह स्कार्फ को भी ऐसे कैरी करती है कि वह भी उसके स्टाइल का एक हिस्सा बन जाए। आप भी उसके स्वेटर, कोट, बूट्स, स्कार्फ, ज्वेलरी और लेयरिंग करने के तरीकों को अपना सकती हैं।

रेसिपी कार्नर

दलिया की खिचड़ी

नया साल ढेरों उम्मीदों, खुशियों और नए संकल्पों के साथ आता है। यह समय पुरानी परेशानियों को पीछे छोड़कर नई उम्मीदों और सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ने का होता है। ऐसे में हर कोई साल के पहले दिन अपनों के साथ समय व्यतीत करता है और खूब सारी पार्टी करता है।

पार्टी के दौरान खूब खाना-पीना भी होता है, जिसकी वजह से अगले दिन काफी परेशानी होती है। बहुत से लोगों का तो पेट तक खराब हो जाता है। ऐसे ही लोगों के लिए हम आपको दलिया की खिचड़ी बनाना सिखाने जा रहे हैं।

दलिया की खिचड़ी खाने में काफी स्वादिष्ट होती है और ये सेहत के लिए भी काफी फायदेमंद होती है। ऐसे में हम आपको आसान विधि से दलिया की खिचड़ी बनाना बताने जा रहे हैं, ताकि आप इसके सेवन से अपने पेट की समस्या को खत्म कर सकें।

दलिया की खिचड़ी

बनाने का सामान

दलिया: 1 कप
मूंग दाल (धुली हुई): 1/4 कप
सब्जियां (गाजर, मटर, बीन्स, आलू): 1 कप (बारीक कटी हुई)
घी/तेल: 1 बड़ा चम्मच
जीरा: 1/2 छोटा चम्मच
हींग: 1 चुटकी
अदरक (कद्दूकस किया हुआ): 1/2 छोटा चम्मच
हल्दी पाउडर: 1/4 छोटा चम्मच
नमक: स्वादानुसार
हरा धनिया: सजाने के लिए

बनाने की विधि

दलिया की खिचड़ी बनाने के लिए एक कड़ाही में 1/2 छोटा चम्मच घी डालकर दलिया को हल्का सुनहरा भूरा होने तक भूनें। दूसरी ओर मूंग दाल को धोकर 5 मिनट तक पानी में भिगो दें।

इसके बाद कुकर में घी गर्म करें, उसमें जीरा और हींग डालें। जब जीरा चटकने लगे, तो अदरक और हल्दी डालकर भूनें। बारीक कटी हुई सब्जियां डालें और 2-3 मिनट तक भूनें।

अब भुना हुआ दलिया और मूंग दाल डालें और अच्छे से मिला लें। इसमें 3-4 कप पानी और स्वादानुसार नमक डालें। कुकर का ढक्कन बंद करें और 2-3 सीटी आने तक पकाएं। कुकर का प्रेशर निकलने दें।

खिचड़ी को अच्छे से मिलाएं। यदि यह ज्यादा गाढ़ी हो, तो थोड़ा पानी डालकर हल्का गर्म कर लें। आखिर में इसक ऊपर से हरा धनिया डालकर सजाएं। इसे दही, अचार, या पापड़ के साथ परोसें।

न्यूज इन ब्रीफ

मणिपुर के राज्यपाल ने राज्य में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की

इंफाल : मणिपुर के राज्यपाल अजय कुमार भल्ला ने शनिवार को पुलिस, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), असम राइफल्स के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक बैठक की अध्यक्षता करके राज्य में व्यापक सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई। इसमें कहा गया, ''मणिपुर के राज्यपाल ने आज इंफाल के राजभवन में एक सुरक्षा बैठक की अध्यक्षता की।'' राजभवन द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा गया है, ''मौजूदा कानून-व्यवस्था की स्थिति का जायजा लेने के साथ राज्यपाल ने सीमावर्ती क्षेत्रों पर विशेष ध्यान देते हुए पूरे राज्य में सुरक्षा व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की।'' राज्यपाल ने राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को लोगों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया और सेना और अर्धसैनिक बलों के अधिकारियों से राज्य में कानून व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन को पूरा सहयोग देने का आग्रह किया।

नोएडा में नौ महीने में 2,100 करोड़ रुपये की शराब बिकी: आबकारी अधिकारी

नोएडा (भाषा) : नोएडा में बीते नौ महीने में करीब 2,100 करोड़ रुपये की शराब बिकी, जो वर्ष 2023 की इस अवधि में बिकी शराब की तुलना में 12 प्रतिशत अधिक है। वर्ष 2023 में इस अवधि के दौरान नोएडा में 1,900 करोड़ रुपये की शराब बिकी हुई थी। जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि 2024 में अप्रैल से दिसंबर तक गौतम बुद्ध नगर की विभिन्न शराब की दुकानों पर 2,100 करोड़ रुपये की शराब बिकी, जिसमें अंग्रेजी, देसी शराब तथा बियर शामिल है। उन्होंने बताया कि पूरे वर्ष में देसी शराब की बिक्री 1,078,65,84 लीटर, अंग्रेजी शराब की बिक्री 89,76,540 लीटर तथा बियर की बिक्री 2,14,76,507 लीटर रही। उन्होंने बताया कि जनपद गौतम बुद्ध नगर में शराब की 564 दुकान हैं। अधिकारी ने बताया कि इस दौरान मुद्रित दाम से ज्यादा दाम पर शराब बेचने वाले 74 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है, दुकानदारों को नोटिस दिया गया है और सेल्समैन को निलंबित किया गया है।

केजरीवाल ने दिल्ली की आधारभूत संरचनाओं को सुधारने के बजाय 'शीश महल' बनवाया : अमित शाह

नयी दिल्ली : केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को आरोप लगाया कि अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के मुख्यमंत्री के तौर पर अपने लगभग 10 साल के कार्यकाल में राजधानी की आधारभूत संचरनाओं को सुधारने के बजाय खुद के लिए ''शीश महल'' बनवाया। शाह ने यह भी कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल को इसका हिसाब देना होगा। शाह ने नयी दिल्ली नगरपालिक परिषद द्वारा कामकाजी महिलाओं के लिए स्थापित छात्रावास 'सुषमा भवन' के उद्घाटन के बाद एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केजरीवाल (मुख्यमंत्री के तौर पर) के आधिकारिक आवास में इस्तेमाल की गई कई महंगी चीजों के नाम गिनवाए और कहा कि उन्होंने तो इनमें से कई चीजों के नाम तक नहीं सुने हैं। शाह ने कहा कि जब केजरीवाल राजनीति में आए थे, तो उन्होंने कसम खाई थी कि सरकारी कार या बंगला नहीं लेंगे और एक नए प्रकार की राजनीति का आगाज करेंगे। गृह मंत्री ने कहा, ''लेकिन 'आप' नेता का एक, दो, तीन या चार बंगलों से मन नहीं भरा और उन्होंने दिल्लीवासियों के 45 करोड़ रुपये खर्च कर 50,000 वर्ग गज जमीन पर 'शीश महल' बनवाया।'' केजरीवाल मुख्यमंत्री कार्यकाल के दौरान अपने आधिकारिक आवास की साजसज्जा पर किए गए खर्च को लेकर भाजपा के निशाने पर रहे हैं। पार्टी पूर्व मुख्यमंत्री के आवास को 'शीश महल' करार देते हुए उन पर हमलावर रही है। शाह ने कहा, ''आम आदमी पार्टी की सरकार ने दिल्लीवासियों को पानी की आपूर्ति करने के लिए कोई व्यवस्था नहीं बनाई, लेकिन केजरीवाल के ''चार सदस्यीय परिवार के लिए 14 करोड़ रुपये का पानी संयंत्र लगाया गया।''

तमिलनाडु: पटाखा कारखाने में विस्फोट से छह कर्मियों की मौत

विरुधुनगर (तमिलनाडु) : तमिलनाडु में विरुधुनगर के निकट पटाखा बनाने के कारखाने में शनिवार को विस्फोट होने से छह कर्मियों की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। विस्फोट सुबह उस समय हुआ जब श्रमिक विनिर्माण प्रक्रिया के तहत रासायनिक-कच्चे माल को मिलाने में लगे थे, जिसके कारण छह लोगों की मौत हो गई तथा कारखाना परिसर के चार कमरे क्षतिग्रस्त हो गए। अग्निशमन एवं बचाव सेवा के कर्मचारी तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और घायल कर्मचारी मोहम्मद सुदीन को निकटवर्ती मदुरै स्थित सरकारी अस्पताल ले जाया गया। एक पुलिस अधिकारी ने यहां बताया कि विस्फोट के सिलसिले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें एक सुपरवाइजर और एक फोरमैन शामिल हैं। उन्होंने बताया कि घटना की जांच जारी है।

राजनीति में सत्तारूढ़ पार्टी की तरफ भागते हैं लोग : गडकरी

पुणे : केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने शनिवार को कहा कि राजनीति को लेकर उनकी राय अच्छी नहीं है, क्योंकि इसमें इस्तेमाल करो और फेंको की रणनीति अपनाई जाती है। उन्होंने सवाल किया कि राजनीति में सत्तारूढ़ पार्टी में शामिल होने की होड़ रहती है, ऐसे में लोगों की विचारधारा और निष्ठा कहां चली जाती है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता गडकरी ने यह भी कहा कि देश में विचारधारा नहीं, बल्कि विचारों का खालीपन समस्या है। उन्होंने कहा, कई लोग सत्ता में आने वाली पार्टी में शामिल हो जाते हैं, ऐसे में उनकी विचारधारा और निष्ठा कहां चली जाती है? हमारे देश में विचारधारा नहीं, बल्कि विचारों का खालीपन समस्या है। पुणे में मराठा सेवा संघ की ओर से आयोजित एक कार्यक्रम में गडकरी ने कहा कि अगर देश को प्रगति करनी है, तो सबसे पहले अपने घर-परिवार का ख्याल रखना होगा। एक किस्सा याद करते हुए उन्होंने कहा, एक आदमी मेरे पास आया और बोला कि वह देश के लिए अपनी जान देना चाहता है। उस समय, उसका कारोबार ठप था, वह दिवालिया हो रहा था और घर पर उनकी पत्नी और बच्चे थे। मैंने उससे कहा कि पहले अपने घर का ख्याल रखो, फिर देश का। गडकरी ने कहा कि वह छत्रपति शिवाजी महाराज को अपना आदर्श मानते हैं, क्योंकि मराठा सम्राट ने लड़ाई लड़ी और जीती, लेकिन पूजा स्थलों को नष्ट नहीं किया या विरोधियों पर अत्याचार नहीं किया।

केंद्रीय मंत्री रीजीजू ने प्रधानमंत्री की ओर से अजमेर दरगाह में चादर चढ़ाई

जयपुर : केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रीजीजू ने शनिवार को अजमेर दरगाह पर जारी उर्स के दौरान सूफी संत मोइनुद्दीन चिश्ती की मजार पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भेजी गई चादर चढ़ाई। उन्होंने दरगाह पर प्रधानमंत्री का संदेश पढ़ा, जिसमें सभी धर्मों के लोगों से सद्भावना के साथ मिलकर काम करने का आह्वान किया गया है। रीजीजू ने कहा कि ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह से पूरे देश-दुनिया में भाईचारे और शांति का संदेश जाता है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री द्वारा दी गई चादर चढ़ाते हुए मैंने यही कामना की कि हमारे देश में सभी लोग अमन व मैत्री से रहें और देश की तरक्की में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि उन्हें यहां आकर प्रसन्नता हुई है और वे अपने मंत्रालय की ओर से यहां सुविधाओं में सुधार के लिए प्रयास करेंगे। इस अवसर पर केंद्रीय राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी, जमाल सिद्दीकी, दरगाह दीवान सैयद नसरुद्दीन चिश्ती आदि भी मौजूद थे।

प्रधानमंत्री मोदी रविवार को करेंगे नमो भारत कॉरिडोर के 13 किलोमीटर लंबे दिल्ली खंड का उद्घाटन

नयी दिल्ली : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को साहिबाबाद और न्यू अशोक नगर के बीच नमो भारत कॉरिडोर के अतिरिक्त 13 किलोमीटर लंबे दिल्ली खंड का उद्घाटन करेंगे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि उद्घाटन पूर्वाह्न करीब 11 बजे होगा और प्रधानमंत्री मोदी साहिबाबाद से न्यू अशोक नगर की यात्रा करेंगे। रविवार को शाम पांच बजे से यात्री परिचालन शुरू हो जाएगा और 15 मिनट के अंतराल पर ट्रेनें उपलब्ध

घने कोहरे के कारण दिल्ली हवाई अड्डे पर 19 उड़ानों का मार्ग परिवर्तित, 400 से अधिक विलंबित

नयी दिल्ली : घने कोहरे के कारण दृश्यता कम होने से दिल्ली हवाई अड्डे पर शनिवार तड़के 19 उड़ानों का मार्ग परिवर्तित किया गया, 400 से अधिक उड़ानें विलंबित हुईं और कई उड़ानों को रद्द करना पड़ा। एक अधिकारी ने बताया कि दृश्यता कम होने के कारण शुक्रवार रात 12:15 बजे से डेढ़ बजे के बीच 19 उड़ानों का मार्ग परिवर्तित किया गया। अधिकारी ने बताया कि इनमें से 13 घरेलू और चार अंतरराष्ट्रीय उड़ानें थीं। उन्होंने बताया कि खराब मौसम के कारण 45 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी गईं। उड़ानों पर नजर रखने वाली वेबसाइट 'फ्लाइट24 डॉट कॉम' पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार, दिल्ली हवाई अड्डे पर 400 से अधिक उड़ानें विलंबित हुईं। देश की सबसे बड़ी विमानन कंपनी इंडिगो ने सुबह-सुबह ही विमानों के आगमन और प्रस्थान को अस्थायी रूप से रोक दिया था। दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड (डीआईएएल) ने सुबह छह बजकर 56 मिनट पर सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, '' दिल्ली हवाई अड्डे पर उड़ानों के आने और जाने का सिलसिला जारी है, लेकिन जो उड़ानें कैट तृतीय के अनुरूप नहीं हैं वे प्रभावित हो सकती हैं। यात्रियों से अनुरोध है कि वे उड़ानों की अद्यतन जानकारी के लिए संबंधित विमानन कंपनी से संपर्क करें। किसी भी असुविधा के लिए हमें खेद है।''

भाजपा ने केजरीवाल के खिलाफ प्रवेश वर्मा को उतारा, आतिशी का मुकाबला रमेश बिधूड़ी से

नयी दिल्ली : भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 70 सदस्यीय दिल्ली विधानसभा के चुनाव के लिए 29 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी की और नयी दिल्ली सीट पर पूर्व मुख्यमंत्री व आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख अरविंद केजरीवाल के खिलाफ पूर्व सांसद प्रवेश वर्मा को अपना प्रत्याशी बनाया। पार्टी ने एक और पूर्व सांसद रमेश बिधूड़ी को कालकाजी से उम्मीदवार बनाया है, जहां से मौजूदा मुख्यमंत्री आतिशी 'आप' की उम्मीदवार हैं। केजरीवाल वर्ष 2013 से नयी दिल्ली सीट से विधायक हैं। इस बार उनका मुकाबला दो पूर्व मुख्यमंत्रियों के बेटों से होगा। प्रवेश वर्मा 1990 के दशक में दो वर्ष के लिए मुख्यमंत्री रहे साहिब सिंह वर्मा के बेटे हैं। पश्चिमी दिल्ली के पूर्व सांसद प्रवेश वर्मा ने आधिकारिक उम्मीदवार घोषित होने से पहले ही इस सीट से चुनाव लड़ने की तैयारी शुरू कर दी थी और कहा था कि पार्टी के राष्ट्रीय नेताओं ने उनकी उम्मीदवारी को मंजूरी दे दी है। कांग्रेस ने नयी दिल्ली सीट पर तीन बार दिल्ली की मुख्यमंत्री रहीं शीला दीक्षित के बेटे संदीप दीक्षित को उम्मीदवार बनाया है। भाजपा की पहली सूची में आठ ऐसे उम्मीदवारों के नाम शामिल हैं, जो हालिया महीनों में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी छोड़कर आए हैं। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस के पूर्व प्रमुख अरविंदर सिंह लवली को पूर्वी दिल्ली की गांधी नगर सीट से मौजूदा भाजपा विधायक अनिल बाजपेयी की जगह उम्मीदवार बनाया गया है। बाजपेयी ने 2020 के चुनाव में इस सीट से लवली को हराया था। जंगपुरा से तीन बार कांग्रेस के विधायक रहे तरविंदर सिंह मारवाह इसी सीट से अब बतौर भाजपा प्रत्याशी चुनाव लड़ेंगे। वह 2022 में भाजपा में शामिल हुए थे। उनका मुकाबला आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया से होगा। दिल्ली के पूर्व मंत्री कैलाश गहलोत को बिजवासन से उम्मीदवार बनाया गया है। इस साल की शुरुआत में मंत्री पद से इस्तीफा देने और 'आप' छोड़कर भाजपा में आए राजकुमार आनंद को पटेल नगर से प्रत्याशी घोषित किया गया है। आप से भाजपा में आए छतरपुर के विधायक करतार सिंह को इसी सीट से उम्मीदवार बनाया गया है। 'आप' के एक और पूर्व विधायक एन.डी. शर्मा को बदरपुर से भाजपा का उम्मीदवार बनाया गया है। बदरपुर से भाजपा के रामवीर सिंह विधूड़ी विधायक थे, जो इस साल की शुरुआत में हुए हुए चुनाव में लोकसभा सदस्य निर्वाचित हुए थे। भाजपा ने अपने राष्ट्रीय पदाधिकारियों दुष्यंत कुमार गौतम और आशीष सूद को क्रमशः करोल बाग और जनकपुरी सीट से उम्मीदवार बनाया है। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव मनजिंदर सिंह सिरसा राजौरी गार्डन से चुनाव लड़ेंगे, जहां से उन्होंने 2015 के चुनावों में जीत हासिल की थी।

चीन में बड़े पैमाने पर फ्लू का प्रकोप : केरल, तेलंगाना केंद्र के साथ मिलकर स्थिति पर रख रहे नजर

तिरुवनंतपुरम/हैदराबाद : केरल और तेलंगाना की सरकारों ने शनिवार को कहा कि चीन में वायरल बुखार और श्वसन संक्रमण के बड़े पैमाने पर मामले आने की खबरों पर वे बारीकी से नजर रख हुए है और फिलहाल घबराने की कोई जरूरत नहीं है। केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीणा जॉर्ज ने फेसबुक पर एक पोस्ट में कहा कि चीन में सामने आये किसी भी वायरस के बारे में अब तक ऐसी कोई रिपोर्ट नहीं मिली है, जिसमें इसके महामारी का रूप लेने या अन्य क्षेत्रों में तेजी से फैल सकने की बात कही गई हो। उन्होंने कहा कि मलयाली लोग दुनिया के सभी हिस्सों में हैं और चीन समेत अन्य देशों के प्रवासी अक्सर राज्य में आते हैं, इसलिए अतिरिक्त सावधानी बरती जानी चाहिए। जॉर्ज ने कहा, ''हम चीन में स्थिति पर नजर रख रहे हैं। यदि किसी ऐसे प्रकोप का पता चलता है जिसके अन्य क्षेत्रों में फैलने का खतरा है, तो हम इसके प्रसार को बहुत जल्द रोक सकते है।'' मंत्री ने लोगों, विशेषकर गर्भवती महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों से अतिरिक्त सतर्कता बरतने का आग्रह किया और उनसे मास्क पहनने का अनुरोध किया। तेलंगाना के जन स्वास्थ्य निदेशक बी रविंदर नायक ने एक बयान में कहा कि राज्य में अब तक ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) का कोई मामला सामने नहीं आया है।

परीक्षा के दबाव को कम करने के लिए नियमित अध्ययन करें: वैष्णव ने छात्रों से कहा

नयी दिल्ली : केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को छात्रों से अपने जुनून की दिशा में आगे बढ़ने को कहा और परीक्षा के दौरान तनाव से बचने के लिए नियमित अध्ययन करने की सलाह दी। वैष्णव ने ये टिप्पणियां यहां एनडीएमसी द्वारा आयोजित 'एग्जाम्स वॉरियर आर्ट फेस्टिवल' में छात्रों के साथ बातचीत के दौरान कीं। एक बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लिखित पुस्तक 'एग्जाम वारियर्स' के संदेशों से प्रेरित लगभग 4,000 छात्रों ने कार्यक्रम में कला के माध्यम से अपने विचार साझा किए। इस कार्यक्रम में दिव्यांग विद्यार्थियों ने भी भाग लिया, जिनका मार्गदर्शन उनके शिक्षकों ने किया। रिकॉर्ड किए गए एक संदेश में मोदी ने विद्यार्थियों से कहा कि वे केवल कुछ बनने पर ही नहीं, बल्कि कार्य करने पर भी ध्यान केंद्रित करें।

विदेशी मॉडल की तस्वीरों का इस्तेमाल कर डेटिंग ऐप पर 700 महिलाओं को ठगने का आरोपी युवक गिरफ्तार

नयी दिल्ली : विदेशी मॉडल की तस्वीरों का इस्तेमाल करके विभिन्न डेटिंग ऐप के जरिये 700 से अधिक महिलाओं के साथ ठगी करने के आरोपी 23 वर्षीय युवक को दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। आरोपी ने खुद को अमेरिका में रहने वाला मॉडल बताकर डेटिंग ऐप पर महिलाओं से दोस्ती की और बाद में उनका भरोसा जीतकर उनकी निजी तस्वीरों और वीडियो हासिल कर लिये। इसके बाद आरोपी ने तस्वीरों और वीडियो को सोशल मीडिया पर साझा करने की धमकी देकर कई महिलाओं से मोटी रकम वसूल की। दिल्ली पुलिस की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि पश्चिमी जिले के साइबर थाने ने तुषार बिष्ट को 'बम्बल' और 'स्नैपचैट' जैसे ऑनलाइन मंचों का दुरुपयोग कर महिलाओं को फंसाने, निजी तस्वीरें और वीडियो का इस्तेमाल कर उन्हें ब्लैकमेल करने और पैसे ऐंठने के आरोप में गिरफ्तार किया है।

स्पोर्ट्स

पंत के आक्रामक अर्धशतक से सिडनी टेस्ट रोमांचक मोड़ पर

भारत दूसरी पारी में 141/6, ऑस्ट्रेलिया पर 145 रन की बनाई बढ़त

सिडनी : भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच सिडनी में खेला जा रहा पांचवां टेस्ट दूसरे दिन ही रोमांचक मोड़ पर पहुंच गया है। पहली पारी में चार रन की लीड लेने के बाद भारतीय टीम ने दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक 141 रन के स्कोर पर छह विकेट गंवा दिए हैं। ऋषभ पंत को छोड़कर टीम के बल्लेबाज एक बार फिर फ्लॉप रहे। भारत की कुल बढ़त 145 रन है।रविंद्र जडेजा 08 रन और वाशिंगटन सुंदर 06 रन बनाकर नाबाद हैं। मैच का तीसरे दिन खत्म होना तय है, लेकिन भारत इस स्कोर का बचाव कर पाएगा या नहीं, यह इस बात पर निर्भर करेगा कि कप्तान जसप्रीत बुमराह पूरी तरह से गेंदबाजी करने के लिए फिट हैं या नहीं। अगर आधे फिट बुमराह भी गेंदबाजी करते हैं, तो ऑस्ट्रेलिया के लिए अस्थिर उछाल और चौड़ी दरारों वाली पिच पर 175 रन का लक्ष्य भी हासिल करना आसान नहीं होगा। दूसरी पारी में एक बार फिर भारत के टॉप ऑर्डर के बल्लेबाजों ने निराश किया। केएल राहुल (13 रन), यशस्वी जायसवाल (22 रन), शुभमन गिल (13 रन) और विराट कोहली (06 रन) ने पूरी तरह निराश किया। कोहली ने इस सीरीज में लगातार आठवीं बार ऑफ स्टंप लाइन के बाहर अपना विकेट गंवाया।

ऋषभ पंत की विस्फोटक पारी

ऋषभ पंत ने आतिशी बल्लेबाजी की और 29 गेंद में अर्धशतक जड़ दिया। 33 गेंद में 61 रन की पारी में पंत ने छह चौके और चार छक्के लगाए। पंत ने चार शानदार छक्कों और छह चौकों के साथ खचाखच भरे सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर अपनी धाक जमाई। मिशेल स्टार्क की गेंद पर उन्होंने लगातार दो छक्के जड़े। पंत की पारी ने भारतीय दूसरी पारी को बिखरने से बचाया, क्योंकि मेहमान टीम के शीर्ष और निचले क्रम के बल्लेबाजों को सीम और उछाल वाली पिच पर ऑस्ट्रेलियाई आक्रमण का सामना करने में परेशानी हो रही थी।

नीतीश रेड्डी (04) भी फ्लॉप रहे। पहली पारी में कहर बरपाने वाले स्कॉट बोलैंड ने दूसरी पारी में भी कहर बरपाया और चार विकेट चटकाए।

इससे पहले खेल के दूसरे दिन ऑस्ट्रेलिया ने 9/1 के स्कोर से अपनी पारी की शुरुआत की और टीम पहली पारी में भारत के 185 रन जवाब में प्रसिद्ध कृष्णा (3/42) और नितीश रेड्डी (2/32) की शानदार गेंदबाजी जोड़ी ने मोहम्मद सिराज (3/51) और जसप्रीत बुमराह (2/33) की मदद से ऑस्ट्रेलिया को 181 रनों पर समेट दिया।

डेब्यू मैच में वेबस्टर ने जड़ा अर्धशतक

डेब्यूटेंट वेबस्टर (57) ने अर्धशतक के साथ अपने चयन को सही साबित किया, लेकिन रेड्डी ने अपने दूसरे स्पेल में कमिंस और मिशेल स्टार्क के विकेट लेकर टीम को ध्वस्त कर दिया। अंतिम झटका प्रसिद्ध ने दिया, उन्होंने असमान उछाल और सतह से दरारों का इस्तेमाल करते हुए वेबस्टर पर एक अजीब तरह से उछाल मारा और जायसवाल ने कैच लपक लिया।

कहीं जा नहीं रहा हूं , सिर्फ इस टेस्ट से बाहर हुआ हूं : रोहित शर्मा

सिडनी : भारत के सीनियर बल्लेबाज रोहित शर्मा ने अपने संन्यास को लेकर लग रही अटकलों को खारिज करते हुए कहा कि वह कहीं नहीं जा रहे हैं और आस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी टेस्ट से 'बाहर रहने' का कारण खराब फॉर्म था। खराब फॉर्म से जूझ रहे रोहित ने सिडनी टेस्ट से आराम लिया है और उनकी जगह तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह कप्तानी कर रहे हैं। इससे टेस्ट क्रिकेट में रोहित के भविष्य को लेकर अटकलें लगने लगी हैं। रोहित ने स्टार स्पोर्टस से कहा, 'मैंने संन्यास नहीं लिया है। मैं बाहर हुआ हूं। मैने कोच और चयनकर्ताओं से यही बात की कि मैं रन नहीं बना पा रहा हूं , फॉर्म में नहीं हूं और इस महत्वपूर्ण मैच में हमें ऐसा खिलाड़ी चाहिये जो फॉर्म में है।' उन्होंने कहा, 'हम बल्लेबाजी में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं। ऐसे में टीम में ऐसे खिलाड़ी ज्यादा नहीं होने चाहिये जो फॉर्म में नहीं हैं। यही बात मेरे दिमाग में चल रही थी। मैं कहीं जा नहीं रहा हूं।' सैतीस वर्ष के रोहित ने कहा कि टीम प्रबंधन और चयनकर्ताओं ने उनके फैसले का समर्थन किया।

खिलाड़ी स्टील से बने होते हैं, बाहरी बातों का हम पर असर नहीं पड़ता

रोहित शर्मा भले ही सिडनी टेस्ट मैच में नहीं खेल रहे हैं लेकिन उन्होंने भारतीय टीम के अपने साथियों को बाहर चल रही बातों और अफवाहों को दरकिनार करने और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवा और अंतिम टेस्ट मैच जीत कर बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी अपने पास बनाए रखने पर ध्यान देने की अपील की है। रोहित ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, 'यह (अफवाहें) हमें प्रभावित नहीं करती क्योंकि हम खिलाड़ी स्टील के बने होते हैं। हमने खिलाड़ियों को मजबूत बनाने के लिए अपनी तरफ से पूरे प्रयास किए हैं। हम कुछ चीजों को नियंत्रित नहीं कर सकते हैं और हम उनके बारे में चिंता नहीं करना चाहते हैं। हम इस पर समय बर्बाद नहीं करना चाहते हैं।'

बुमराह की पीठ में ऐंठन, चिकित्सकों की निगरानी में हैं: प्रसिद्ध कृष्णा

सिडनी : तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा शनिवार को कहा कि कप्तान जसप्रीत बुमराह की पीठ में ऐंठन है और भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवें टेस्ट में लक्ष्य का बचाव करते समय मेडिकल स्टाफ से इस स्टार तेज गेंदबाज की उप-लब्धता को लेकर जानकारी का इंतजार कर रही है। बुमराह चोट के कारण एहतियाती स्कैन (जांच) कराने के बाद ड्रेसिंग रूम में लौट आए। उन्हें यहां लंच के बाद केवल एक ओवर गेंदबाजी करने के बाद मैदान से बाहर जाना पड़ा था। इस टेस्ट में बुमराह की गेंदबाजी भारत के लिए काफी अहम होगी क्योंकि टीम ने अपनी दूसरी पारी में 141 रन पर छह विकेट गंवा दिये है और

उसकी कुल बढ़त सिर्फ 145 रन की है। कृष्णा ने दूसरे दिन के खेल के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'उनकी पीठ में ऐंठन थी। वह स्कैन के लिए गए थे। मेडिकल टीम उनकी निगरानी कर रही है। जब मेडिकल टीम हमें कोई जानकारी देगी तभी इस बारे में कुछ पता चलेगा।'

बीसीसीआई सचिव बनेंगे सैकिया, भाटिया ने कोषाध्यक्ष पद के लिए नामांकन भरा

मुंबई : देवजीत सैकिया ने शनिवार को बीसीसीआई के सचिव पद के लिए अपना नामांकन दाखिल किया जबकि प्रभतेज भाटिया ने कोषाध्यक्ष पद के लिए आवेदन किया। ये दोनों अधिकारी अपनी भूमिकाओं में नामांकन दाखिल करने वाले एकमात्र उम्मीदवार हैं। छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ के भाटिया ने कोषाध्यक्ष पद के लिए आवेदन किया है क्योंकि आशीष शेलार के जाने से यह पद खाली हो गया था। शेलार ने हाल ही में महाराष्ट्र सरकार में कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली थी। दूसरी ओर सैकिया एक दिसंबर को जय शाह के आईसीसी का चेयरमैन बनने के बाद से बीसीसीआई के अंतरिम सचिव के रूप में काम कर रहे हैं।

॥ श्री गणेशाय नमः ॥ मंगलमयी कुलदेवी ॥ श्री देवसरमाता नमः ॥

श्री देवसर माता (देवसरधाम) भिवानी

द्वादश अमृत महोत्सव

दिनांक : आज 05.01.2025, रविवार समय : सायं 4 बजे से

स्थान : डिविनिटी पवेलियन 241, गोलाघाटा रोड, लेक टाउन कोलकाता-700048

भजन संध्या, सायं 5.00 बजे से

सप्त अभिषेक एवं सहस्त्रार्चन

- श्री शंकरलालजी दिनोदिया
- श्री रामनारायणजी बंसल
- श्री बलभद्रजी अग्रवाल
- श्री महादेव प्रसादजी लुहारीवाला
- श्री ललित कुमारजी धनानिया
- श्री रामोतारजी राजेशजी बुवानीवाला
- श्री पवनजी अग्रवाल

मुख्य अतिथि

- श्री सज्जनजी बंसल
- श्री गोविन्द रामजी ढाणावाला
- श्री अनिलजी जिन्दल
- श्री महेन्द्रजी बोंदिया
- श्री पुरुषोत्तम रायजी बंसल
- श्री राधेश्यामजी गुप्ता

महोत्सव के कार्यक्रम

पूजन एवं दुर्गा सप्तशती पाठ	: प्रातः	8.30	बजे
सप्त अभिषेक एवं सहस्त्रार्चन	: प्रातः	10.00	बजे
कन्या पूजन	: दोपहर	12.30	बजे
दीप एवं ज्योत प्रज्वलन	: दोपहर	4.00	बजे
भजन संध्या	: संध्या	5.00	बजे
सवामनी भोग	: संध्या	5.15	बजे
छप्पन भोग	: संध्या	7.30	बजे
भण्डारा प्रसाद	: रात्रि	8.30	बजे
चुनड़ी महोत्सव	: रात्रि	9.00	बजे
सामूहिक महाआरती	: रात्रि	9.30	बजे

आमंत्रित कलाकारगण

अरविन्द सहल (कोलकाता)

देवेन्द्र बेगानी (कोलकाता)

करिश्मा चावला (कोलकाता)

रिंकी गुप्ता (कोलकाता)

सच्चिदानन्द पारीख उद्घोषक

महोत्सव संरक्षक: श्रीमती विद्या देवी जी दिनोदिया

उत्सव संरक्षक

- श्रीमती सावित्रीदेवीजी लुहारीवाला
- श्रीमती सुशीलाजी दिनोदिया
- श्री नरेशजी धनानिया
- श्री सज्जनजी भजनका
- श्री महावीर प्रसादजी जय भगवानजी सांवरिया

विशेष उपस्थिति

सँत श्री उदित जी महाराज (श्रीधाम वृन्दावन)

कार्यकारिणी समिति

- महेन्द्र कुमार नलवावाला
- रामबिलास बुवानीवाला
- मनीष धनानिया
- पवन अग्रवाल
- विष्णु धनानिया
- नरेन्द्र बंसल
- कृष्ण गुप्ता
- अशोक कुमार हाडा
- ओमप्रकाश दिनोदिया
- संदीप धनानिया
- रवि बामलिया
- अश्विनी कुमार अग्रवाल
- राकेश लुहारीवाला
- फकीरचन्द अग्रवाल
- मुकेश गर्ग
- ललित धनानिया

स्वागत समिति

- श्री गंगाधरजी जैन
- श्री रमेशजी अग्रवाल
- श्री रामोतारजी हेतमपुरिया
- श्री रोशनलालजी बामलिया
- श्री सच्चिदानन्दजी धनानिया
- श्री रामलालजी धोणा
- श्री रामशरणजी धोणा
- श्री राजेन्द्र प्रसादजी धनानिया
- श्री श्रवण कुमारजी धोणा
- श्री शिवशंकरजी शर्मा
- श्री बाबूलालजी धनानिया
- श्री दीनदयालजी धनानिया
- श्री कवंरलालजी बुवानीवाला
- श्री रामवतारजी मिताथलिया
- श्री प्रदीपजी दिनोदिया

आयोजक : श्री देवसर माता भक्त मण्डल

135, कॉटन स्ट्रीट, कोलकाता-700007

सम्पर्क : आनन्द:9830038940 पवन:9830355745 संजय:9830052084 उमेश:9830025255 मनोज:9339062300

Courtesy by: CENTURYPLY®

॥ श्री गणेशाय नमः ॥ श्री हनुमते नमः ॥ श्री ॐ शिवाय नमः॥ श्री दुर्गाये नमः ॥ श्री श्याम देवाय नमः ॥

प्रेमियों के मन में आनंद छाया है । पंचवटी आंगन में बाबा आया है ॥

श्री श्याम महोत्सव

ब्रह्मलीन गुरुजी काशीरामजी शर्मा के आशीर्वाद से एवं श्री औंकारमलजी शर्मा की अध्यक्षता में

आलौकिक श्रृंगार

अखण्ड ज्योति

भक्तिपूर्ण भजन

छप्पन भोग

संकीर्तन स्थल

श्री श्याम बाबा मंदिर प्रांगण

पंचवटी कॉमप्लेक्स, कैखाली

आज रात्रि 9 बजे तक

आयोजक : श्री श्याम मण्डल नूतन बाजार

सबको आमंत्रण सीधा प्रसारण YouTube Sai LIVE ON **सबका स्वागत**

आने-जाने की व्यवस्था हरियाणा भवन, विवेकानन्द रोड से की गई है ।

S T PRINT

वर्ष 9, पूर्णांक 4110 अंक 260, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in